
हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

10 दूर होगा पेयजल संकट, तीन प्रोजेक्ट से 176 गांवों ...



11 इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक एआई वीडियो पर नाराज ...






# 43.5 डिग्री तापमान के साथ दुर्ग रहा प्रदेश में सबसे गर्म, उमस भरी ट्विनसिटी में लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्विनसिटी में सोमवार की रात हुई हल्की बारिश का असर मंगलवार को भी रहा। पूरे दिन उमसभरी गर्मी लोगों ने झेला। हालांकि प्रदेशभर में दुर्ग जिले का तापमान सबसे ज्यादा गर्म रहा। 43.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान पहुंच गया जो सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले दिनों में अंधड़, बूदांबांदी और हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। इसलिए कि बंगाल की खाड़ी से नम हवाएं प्रदेश में प्रवेश कर रही है। जिससे तापमान में गिरावट का दौर भी शुरू हो सकता है।

**बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं की वजह से अंधड़ व हल्की बारिश के आसार**

### दिनभर झुलसाती रही गर्म हवाएं

मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप निकली। दोपहर आते-आते गर्मी ने हाल बेहाल कर दिया। हवा की धीमी रफ्तार से दिनभर उमसभरी गर्मी का एहसास होता रहा। हाल यह था कि कूलर व एसी भी कूलिंग नहीं कर पा रहे थे। शाम 6 बजे धूप की तेजी कम थी, लेकिन वातावरण में उमस कम नहीं हुई। रात में भी उमस के हालात बने रहे। जिसकी वजह से लोगों को अजीबो-गरीब बैचेनी महसूस हुई। कई लोगों के सेहत मौसम के इस बदलाव की वजह से खराब भी होना शुरू हो गया है।




### दो द्रोणिकाएं हैं इन दिनों सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक इन दिनों सिस्टम में दो द्रोणिकाएं सक्रिय हैं। जिसकी वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव हो रहा है। प्रदेश में सबसेपश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 66 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका हरियाणा से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका/हवा की अनियमित गति उत्तर तेलंगाना से कोमोरिन क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### बंगाल की खाड़ी से आ रही है नमी

मौसम विभाग के मुताबिक एक प्रति चक्रवात अंदरूनी महाराष्ट्र और उससे लगे कर्नाटक के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से, वातावरण के निम्न स्तर पर नमी आ रही है, जिसके कारण प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।



**■ देखते रहे जिम्मेदार और धीरे-धीरे फिर कब्जा कर तन गई इमारतें**

# 15 साल पहले पार्षद ने बड़ा नाला को बचाने बनवाया था सामुदायिक भवन



नाले से 20 फीट दूर बना सामुदायिक भवन, लाल घेरे में।



रिटर्निंग वाल से 10 फीट दूर बनाया गया निगम का चेंबर, लाल घेरे में।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में कोसानगर से खम्हरिया तक बने बड़ा नाला की बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने में भू-माफिया और निगम के अधिकारी सफल होते दिख रहे हैं, लेकिन इस नाला को बचाने के लिए साल 2005-2010 के कार्यकाल में तत्कालीन पार्षद रमेश साहू ने आवाज उठाई थी। उन्होंने नाली की जमीन से भू-माफियाओं को बेजा कब्जा हटवाकर वहां 50 लाख रुपए की लागत से दो सामुदायिक भवन बनवाए, जिससे दोबारा वहां कोई कब्जा न कर सके, लेकिन वर्तमान में दोनो भवन जर्जर हो गए हैं और भूमाफियाओं ने फिर से नाले की जमीन पर कब्जा करके वहां बिल्डिंगे और अपनी बाउंड्रीवाल तान दी है। हद तो यह है कि इस सामुदायिक भवन का ढांचा बना होने के बाद भी निगम के अधिकारियों ने आंख मूंद ली और नाला की रिटर्निंग वाल को भवन से काफी दूर यानि नाला को संकरा करते हुए खड़ी कर दी, जिससे वहां हुए अतिक्रमण को भवन निर्माण करने की खुली आजादी मिल जाए।

■ आरआई पटवारी से सीमांकन कराकर बेजाकब्जा हटवाकर बनवाया था सामुदायिक भवन, वर्तमान में भवन के आगे से बना दी गई रिटर्निंग वाल


नाले की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा
32 मीटर की जगह 18 मीटर चौड़ाई में सिमटा

### विधायक-मंत्री से मद लेकर बनाया गया था भवन

साल 2005-2010 में मॉडल टाउन के पार्षद रहे रमेश साहू से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि रस्तोगी नर्सिंग कॉलेज के पास से नाला गुजरा है। यहां कई लोगों ने नाले को पाटकर दूसरी साइड में शिफ्ट कर दिया और वहां बाउंड्रीवाल खड़ाकर धीरे धीरे कब्जा करना शुरू कर दिया था। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने आरआई पटवारी से इसका सीमांकन करवाया। कब्जा करने वालों ने दावा किया था कि नाले के पास स्थित घास भूमि नाले के अंदर आ गई है। जब सीमांकन कराया गया तो वहां 10-20 हजार वर्गफिट जमीन में बेजा कब्जा पाया गया। इसके बाद उन्होंने विधायक विद्यारतन भषीन और मंत्री हेमचंद यादव से 25-25 लाख रुपए की अनुदान राशि लेकर वहां सामुदायिक भवन का निर्माण कराया, जिससे की उस सीमा तक कोई नाले की जमीन पर कब्जा ना कर सके।

### भवन से 20 फिट दूर बनाई गई रिटर्निंग वाल

पूर्व पार्षद ने जब सीमांकन करवाकर नाले से लगी घास भूमि में सामुदायिक भवन बनवाया तो फिर उस भवन की सीमा से लगाकर नाला की रिटर्निंग वाल क्यों नहीं बनाई गई। पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद दोनों का आरोप है कि इसमें बड़ा खेल है। इसमें राजस्व विभाग, निगम, ठेकेदार और भूमाफिया मिलकर अरबों रुपए की जमीन का घालमेल कर रहे हैं। उन्होंने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह से मांग की है कि वो इस नाला की जमीन का सीमांकन करवाएं और सरकारी जमीन पर हुए कब्जा को हटाकर वहां नाला की रिटर्निंग वाल से लगी एक रोड बनाकर मॉडल टाउन और एमजे कॉलेज रोड को जोड़ने वाली पुलिया का निर्माण कर सकते हैं।

**17 करोड़ खर्च कर दे रहे सरकारी जमीन पर कब्जे की छूट :** पार्षद हरिओम तिवारी का कहना है कि यह सुनने और हहीकत में देखकर हास्यात्मद लग रहा है कि राज्य सरकार निगम को 17 करोड़ खर्च करके नाला को संकरा करके सरकारी जमीन भूमाफियाओं को कब्जा करने की छूट दे रही है। यही कारण है कि बीच शहर में धड़ल्ले से भूमाफिया और बड़े लोगों से सांठगांठ करके निगम 32 मीटर चौड़े नाले को समेटर 18 मीटर करके रिटर्निंग वाल बना रहा है।

## सीजी दसवी-बारहवीं का रिजल्ट आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा परिणाम 29 अप्रैल को दोपहर 2.30 बजे घोषित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा यह रिजल्ट घोषित किया जाएगा। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु विभिन्न अधिकृत वेबसाइटों के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा परिणाम देखने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षार्थी अपना रोल नंबर डालकर निम्नलिखित वेबसाइटों पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। दुर्ग जिले के 30 हजार 420 विद्यार्थियों ने इस साल बोर्ड की परीक्षा दी हैं। दसवीं में 16857 और बारहवीं बोर्ड में 13563 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इन विद्यार्थियों के लिए 135 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जणगणना को देखते हुए मंडल ने पहली बार सीजी बोर्ड की परीक्षा पहले ली है लेकिन हिन्दी बारहवीं के प्रश्नपत्र लीक होने की वजह से जांच में देरी हुई ।

# मजदूर की हत्या मामले में महिला और अपचारी बालक हुए गिरफ्तार

**जेवरा सिरसा चौकी की घटना, सिर पर पत्थर पटकर की थी हत्या**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मजदूर राम नारायण निषाद के हत्या मामले में पुलिस ने एक महिला और अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर करहीडीही निवासी सावित्री निषाद और अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पत्थर, साक्ष्य संबंधी जले हुए कपड़े, जूते, अन्य भौतिक साक्ष्य जब्त किया गया है। महिला की पूछताछ में बताया कि रंजिश होने के कारण मृतक रामनारायण निषाद नशे में इस कारण मौका मिलते ही सिर पर पत्थर पटकर हत्या करना स्वीकार किया है। शिकायत ग्राम करहीडीही निवासी महेंद्र कुमार निषाद ने पुलिस से की थी। शव ग्राम करहीडीही स्थित दुर्गा मंच के पीछे खेत में संदिग्ध अवस्था में मिला है। मृतक ने



पूर्व में विवाद को लेकर पुलिस से शिकायत की थी। उसी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। मृतक नशे की हालत में होने के कारण आरोपियों द्वारा मारपीट कर गमछे से पैर बांधकर घसीटते हुए ले जाकर पत्थरों से कुचलकर हत्या किया। महिला ने घटना को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाने खून से सने कपड़े, जूते जलाए। घटना में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा के साथ एक महिला और एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बजरंग पारा स्टेशन मरोदा नेवई निवासी फूलेश्वरी सोनवानी उर्फ जकड़ी समेत अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 1.442 किलोग्राम गांजा और नगदी 800 रुपए जब्त किया गया है। महिला को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय पेश किया गया। जहां से केंद्रीय जेल दुर्ग भेजा गया है। कार्रवाई में नेवई टीआई अनिल साहू आरक्षक रवि बिसाई, आरक्षक प्यारे लाल समेत कर्मियों का योगदान रहा है।




**खुर्सीपार थाना क्षेत्र की घटना**

# फर्नीचर दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फर्नीचर दुकान अचानक आग लगने से लाखों रुपए का सामान जल गया। सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक डबरापारा खुर्सीपार स्थित दीपक बंसल के फर्नीचर दुकान आग लग गई। अग्निशमन कार्यालय को सूचना मिलने पर दमकल टीम को मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने आगजनी स्थान पर तुरंत घुसा। जहां कमरे से आग की लपटें निकल रही थी, अग्निशमन कर्मी तुरंत हरकत में आकर आग पर काबू पाया। कमरे के भीतर दो गैस सिलेंडर को भी



निकाला। फिर आग पर काबू पाया फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। पुलिस में शिकायत के बाद आगजनी के कारणों को पतासाजी किया जा रहा है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह, अग्निशमन दल प्रभारी घनश्याम यादव, अग्निशमन कर्मी संतोष कुमार, जितेंद्र, भीषण, टिकेंद्र, अनंत ,रामनाथ कुर्रे का अह्म योगदान रहा है।

## रेलवे की समर स्पेशल ट्रेन 20 कोच के साथ शुरू

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने ग्रीष्मकालीन भीड़ को देखते हुए यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुगम सुरक्षित यात्रा के लिए समर स्पेशल ट्रेन की शुरुआत 28 अप्रैल से हुई है। जनाकारी के मुताबिक पनवेल-खड़गपुर के मध्य एक तरफा 1 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन, ट्रेन 01123 पनवेल-खड़गपुर समर स्पेशल ट्रेन पनवेल को गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। ट्रेन 01123 पनवेल-खड़गपुर समर स्पेशल ट्रेन पनवेल से 28 अप्रैल मंगलवार को 12 बजे रवाना होगी। मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन गोंदिया आगमन 3.28 बजे, प्रस्थान 3.30 बजे, दुर्ग आगमन 5.40 बजे, प्रस्थान 5.45 बजे, रायपुर आगमन 6.20 बजे, प्रस्थान 6.25 बजे, बिलासपुर आगमन 8.05 बजे, प्रस्थान 8.15 बजे होते हुए 19.10 बजे खड़गपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसके अलावा कोच संरचना के तहत स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 17 स्लीपर, 1 एसी कोच सहित 20 आईसीएफ कोच की सुविधा होगी। इसके अलावा ये समर स्पेशल गाड़ी कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, भुसावल, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, स्टेशनों पर रुकेगी।




# अवैध शराब को लेकर पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अवैध शराब को लेकर पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से पुलिस ने 35 देशी मशाला शराब और बाइक को जब्त किया गया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार युवको को पकड़ा है। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम शिवपारा



दुर्ग निवासी देवा बघेल और राजीव नगर कार्तिक यादव उर्फ बबल बताया है। जब्त शराब की कीमत 3500 रुपए है। कुल सामानों की कीम 33,500 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील करती है कि अवैध शराब बिक्री ,परिवहन जैसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे अवैध कार्यों में शामिल अपराधियों पर शिंकजा कसा जा सके।

## खबर संक्षेप



### रिसाली क्षेत्र में गहराया जल संकट, शिकायत

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच रिसाली नगर निगम क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का संकट गहराता जा रहा है। पानी की किल्लत, जर्जर सड़कें, गंदगी से भरी नालियां और उपेक्षित तालाबों को लेकर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने रिसाली नगर निगम पहुंचकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि रिसाली नगर निगम आज गर्मी की मार में जल रहा है। स्टेशन मरौदा सहित कई वार्डों में महीनों से समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इनकी ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। वार्ड 16,17, 18 ,19 ,20,21 का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां के लोग इस भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष की गीतेश्वरी बघेल भी मौजूद रहीं, जिन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि यह केवल एक-दो वार्ड की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे रिसाली क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का ढांचा चरमरा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में गोविंदेश्वर वर्मा, बसंती साहू, रीता नोहारी, गीता नोहारी, लावती नोहारी, प्रेमन देवी, मालती यादव, गोनमती और अर्जुन चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### एग्जाम के परिणाम घोषित नहीं, फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 तय

**दुर्ग।** विश्वविद्यालय ने 16 अप्रैल को सूचना जारी किया है कि आगामी सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी बड़ी दुविधा में फंसे हुए है कि आखिर वो अपने परीक्षा फॉर्म भरे तो भरें कैसे। दिसंबर जवनरी में खत्म हुए सेमेस्टर एग्जाम के परीक्षा परिणाम 3 माह से ज्यादा गुजर जाने के बाद भी आज तक जारी नही हो पाए हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि यह आदेश कैसे मान्य होगा। साइंस कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व सचिव राहुल कुमावत ने कहा कि विद्यार्थी एक दिन विलम्ब करने पर उनसे विलंब शुल्क वसूला जाता है, ऐसा आदेश में भी कहा गया है। ऐसी परिस्थिति में तारीख बढ़ाना आवश्यक है।

# स्कूलों में शौचालय की सुविधा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में जिले के ब्लॉक स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान राज्यपाल ने लोक निर्माण विभाग के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि अधिकारी हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से मिलें और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लें। सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण से जुड़े प्रयासों का आकलन करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्री-मानसून और पोस्ट-मानसून दोनों अवधियों में भूजल स्तर का नियमित और व्यवस्थित मापन किया जाए। उन्होंने कहा कि इन दोनों समयावधियों के आंकड़ों की तुलना करने से यह स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा कि वर्षा के साथ-साथ जिले में चलाए गए जल संवर्धन अभियानों जैसे सोखपीट निर्माण और अन्य संरचनाओं का भूजल स्तर पर कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि इस प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाया जाता है, तो न केवल जल स्तर में हो रही वास्तविक वृद्धि का सही आंकलन संभव होगा, बल्कि जल संरक्षण के प्रयासों को और बेहतर दिशा भी दी जा सकेगी। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम उत्तम ध्रुव, नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## राज्यपाल रमेन डेका ने ली ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक



### पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को लेकर अभियान

राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, शासकीय भवनों, सड़कों के किनारे तथा सिविल क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराने को कहा, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से आम लोगों की सहभागिता बढ़ेगी और वे वृक्षारोपण के प्रति अधिक जागरूक एवं प्रेरित होंगे।

### बीईओ हर स्कूल का करेंगे निरीक्षण रिपोर्ट सौंपेंगे डीईओ को

राज्यपाल ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से स्कूलों में शौचालय की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्कूल में शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा वे साफ-सुथरे और उपयोग योग्य स्थिति में हों। उन्होंने ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों के शौचालयों का निरीक्षण करने के लिए कहा। राज्यपाल ने यह भी जोर दिया कि शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही राज्यपाल ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ड्रॉपआउट हुए बच्चों और उनके अभिभावकों की बैठकें आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है और वर्तमान में किसी अच्छे संस्थान में कार्य कर रहे हैं या किसी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, उन्हें स्कूलों में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए।

## गनियारी, मोतिमपुर और ओदरागहन में बिछाई गई 342 किमी पाइप

# दूर होगा पेयजल संकट, तीन प्रोजेक्ट से 176 गांवों के 1.44 लाख घरों में पहुंचेगा साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

### मल्टीविलेज स्कीम : महीने भर के अंदर जिले के गांवों में दूर होगा सूखा

जिले में पेयजल को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। आगामी महीनेभर के अंदर जिले के करीब 126 गांवों में 1.44 लाख घरों तक तीन प्रोजेक्ट के जरिए साफ पानी पहुंचने वाला है। पाटन के ओदरागहन में टेस्टिंग भी शुरू हो चुकी है। वहीं दो अन्य प्रोजेक्ट गनियारी और मोतिमपुर में सिर्फ बिजली कनेक्शन का इंतजार है। इस तीनों प्रोजेक्ट के लिए करीब 342 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। योजना के अंतर्गत मोतिमपुर में 57 गांव, गनियारी में 50 गांव और ओदरागहन में 19 गांवों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। पिछले करीब चार सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। सब कछ सही रहा तो आगामी महीनेभर के अंदर तीनों प्रोजेक्ट के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के इंतजाम कर लिए जाएंगे।



### मोतिमपुर प्रोजेक्ट में बिछाई गई 148 किमी पाइपलाइन

धमधा अंतर्गत मोतिमपुर से 57 गांवों को जोड़ा गया है। शिवनाथ नदी पर आधारित इस योजना में 148 किमी पाइपलाइन बिछाई गई है। नवागांव (ड) में योजना के तहत फिल्टर प्लांट का निर्माण किया गया है। योजना के अनुसार लगभग 29 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत अगार, अछोली, अकोली, ठेलका, बरहापुर, धरमपुरा, बसनी, भरनी, नंदेली, भाठाकोकड़ी, मुड़पार, बिरझापुर, डगनिया, सिरनाभाठा, दनीकोकड़ी, देवरी, गाड़ाघाट, घोटवानी, घुमा, गाँठा, गोबरा, गोरपा, मिलौरी, हिरेतरा, बिरेभाठ, कन्हारपुरी, जाताघर्रा, करेली, खिलौराकला, खैरझिटी, नंदवाय, नवागांव (साल्हे), कोनका, परसकोल, पेण्ड्रावन, पगबंधी, परसबोड, खपरी (पी), परोड़ा, पेण्ड्री (कुटहा), पेण्ड्री (गोबरा), कुटहा, रहटादाह, मोतिमपुर, राजपुर, रक्सा, रूहा, पेण्ड्री (रूहा), सुखरीखुर्द, रौंदा, साल्हेखुर्द, सोनेसरार, सिल्ली, परसुल्ली, तितुरधाट, महराजपुर, तुमाकला तक जल आपूर्ति की जाएगी।

### लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे अंजोरा-ढाबा में भी पहुंचेगा पानी

दुर्ग एवं धमधा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से जल्द राहत मिलने वाली है। 50 ग्रामों की अंजोरा ढाबा मल्टीविलेज जलप्रदाय योजना के तहत शिवनाथ नदी से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में 142 किमी पाइपलाइन बिछाई गई है। 89 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत अगार, नवागांव (पुरदा). पथरिया (डोमा), डोमा, करेली, परसदापार, फुण्डा, बोरी, दनिया, परसदाखुर्द, तुमाखुर्द, टेकापार, खिलौराखुर्द, सुखरीकला, जोगीगुफा, लिटिया, सेमरिया (लि), हसदा, चिखला, पुरदा, गाड़ाडीह, सिलतरा, अरसी, चीचा, देउरकोना, डोडकी, बिरेझर, खर्रा, रौता, टेमरी, पोटिया (से), गनियारी (र), रसमड़ा, सिलोदा, खपरी (अ), बोरई, दमोदा, खुर्सीडीह, खुरसुल, पीपरछेड़ी, सेवती, नगपुरा, मालूद, बेलौदी, अजोरा (ढाबा), ढावा, डांडेसरा, गनियारी (ड), भेड़सर, हिरीं, मड़ियापार तक जल आपूर्ति की जाएगी।

### ओदरागहन स्कीम से 19 गांवों के 26 हजार घरों तक पानी

पाटन के ओदरागहन प्रोजेक्ट के अंतर्गत 19 गांव तक पानी पहुंचेगा। 52 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। बेल्हारी में योजना के तहत फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। 26 हजार लोगों को शुद्ध पेयजल सुविधा मिलने की उम्मीद है। योजना के तहत टेमरी, सूरपा, अकतई, बोरवाय, भनसुली (आर), बेल्हारी, औरी, नवागांव (बी), चारभाटा, ओदरागहन, रीवागहन, किकिरमेटा, मोहभट्ठा, बीजाभाठा, करेला, कुम्हली, धनना, जामगांव (आर), बटरेल तक जल आपूर्ति की जाएगी।

### महीनेभर में सभी गांवों में पानी की सप्लाई की है तैयारी

महीनेभर के अंदर तीनों प्रोजेक्ट के जरिए पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। ओदरागहन में टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। मोतिमपुर और गनियारी में बिजली सप्लाई को लेकर सीएसपीडीसीएल से कनेक्शन के लिए एप्लाई किया गया है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**-उत्कर्ष पांडेय,** ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दुर्ग




## क्लासिकल नृत्य शैली - रवीन्द्रनाट्यम



गुरूदेव रवीन्द्रनाथ बचपन से ही पहाड़, झरने और समुद्र के प्रति आकर्षित रहें। प्रकृति उन्हें एक गुरू की तरह कला की गहराईयों में उतारती गई। गुरूदेव रवीन्द्रनाथ तो ऐसे प्रकृति के संगीत में अवगाहन कर रहे थे, जो सम्पूर्ण विश्व का संगीत है। यह प्रश्न आज भी अनुत्तरीय है, कि आखीर वे कवि, गायक, रचयीता या नृत्यकार हैं। फिर भी उन्हें एक ऐसे बिंदु के रूप में देखा जा सकता है, जहाँ केवल सृजन है, संहार नहीं।

गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ने जैसे काव्य, संगीत की रचना की, उसी तरह उन्होंने नृत्य को एक नया रूप दिया। वे नृत्य को किसी प्रांतीय या देशीय बंधन में बांधना उचित नहीं समझते थे, बल्कि ऐसे स्वयंभु पक्ष के समर्थक थे, जो देश और काल की सीमाओं से परे होता है, जिसमें प्रकृति की गुनगुनाहट और संवेदना युक्त सहज उछाल होती है। इसी आधार पर उन्होंने शास्त्रीय नृत्य ॅरविन्द्रनाट्यमॅ की रचना की। हमारे भारत वर्ष के सभी शास्त्रीय नृत्य किसी न किसी देवी-देवताओं पर उत्सर्गीत हैं या फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित हैं। जैसे कत्थक - श्री कृष्ण लीला, भरतनाट्यम - शिव पार्वती स्तुति, ओड़ीसी - श्री जगन्नाथ, परंतु रवीन्द्रनाट्यम समर्पित है पंचभूत - धरती, जल, अग्नि, वायु और आकाश (प्रकृति) पर, इसी कारण रवीन्द्रनाट्यम की प्रस्तुति के पूर्व वृक्षवंदना (प्रकृति की पूजा) की जाती है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य सभी वाचीन प्रधान हैं एवं पौराणिक ग्रंथों की व्याख्या तक सीमित हैं। पर गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ने रवीन्द्रनाट्यम में वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों एवं समाज में हो रहे नारी पर अत्याचार जैसे कूरीतियों के बहिष्कार करने एवं नारी को उच्च शिखर पर आसीन करने के उद्देश्य से इस नृत्य शैली का सृजन किया गया। यह नृत्य शैली मूलतः (अभिनय दर्पण) पर आधारित है एवं भरत मुनी नाट्य शास्त्रों के सभी नियमों एवं तत्वों की पूर्ति करने में सक्षम हैं। इस नृत्य शैली में अभिनय को ज्यादा प्रधानता दी गई है। इस नृत्य शैली को (भाव नृत्य) भी कहा जाता है। रवीन्द्रनाट्यम का उद्देश्य है नृत्य के माध्यम से समाज में विश्व शांति वार्ता को प्रसारित करना, रवीन्द्रनाट्यम शास्त्रीय नृत्य शैली में लोक नृत्य का समावेश भी है एवं नृत्य की मृदायें, पद संचालन पूर्णतः सभी शास्त्रीय नृत्यों से अलग है। इस नृत्य शैली में लास्यता की झलक अलग दिखने को मिलता हैं। सन् 1919 में गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ने इस शास्त्रीय नृत्य शैली की नींव शांति निकेतन में रखी।

## शिवालय को लेकर तालपुरी वासियों ने की सांसद विजय बघेल से शिकायत

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव के दूसरे ही दिन शिवमंदिर को राजनीति का अखाड़ा बनाने की कोशिश की गई। एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और ने पहले तो भोलेनाथ के दरबार में माथा टेका, लेकिन उसके बाद बाहर निकलते ही उन्होंने आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की तेज ध्वनि के बीच मंदिर समिति के पुनर्गठन की घोषणा कर दी।

मंदिर निर्माण और धार्मिक आयोजनों में प्रारंभ से जुड़े मंदिर समिति के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को इस बात की शिकायत सांसद विजय बघेल से उनके निवास स्थान पर हुई एक भेंट में की। इसके अलावा चुनाव परिणामों को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम और दुष्प्रचार की भी शिकायत की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को यह भी बताया कि मंदिर की आधारशिला रखने से लेकर शिखर निर्माण तक कभी सहयोग नहीं किया। प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर परिसर में किसी भी तरह के राजनीतिक हस्तक्षेप का विरोध करते हुए सांसद से अनुरोध किया कि वे आस्था के केंद्र को कलुषित होने से बचाएं।



प्रतिनिधि मंडल में नवनिर्वाचित महासचिव रवींद्र कुमार दत्ता, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपमहासचिव श्याम लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष यमलेश देवांगन, छत्तीसगढ़ यादव समाज के अध्यक्ष एवं समाजसेवी जगनीक यादव, दुर्योधन रेड्डी, ओपी मिश्रा, असीम सिंह, आरएस कन्नोजिया, गजानन अवचट, ओपी देवांगन, आशीष दीवान, जगदीश चंद्र दशोरे, बलराम साहू, टीएस ठाकुर सहित अन्य शामिल थे।

## तलाक होने से पहले ही महिला ने कर ली दूसरी शादी, कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बिना तलाक के दूसरे व्यक्ति से शादी करना कटनी की महिला को भारी पड़ गया। न्यायालय के आदेश पर उक्त महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 82 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए आवेदक के अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह ने बताया कि रायपुर नाका दुर्ग निवासी लेखराज राजानी की शादी कटनी में भारती से तय हुई थी। भारती राजानी की पहली शादी दमोह में लक्ष्मण कुंदरानी के साथ हुई थी, जिसका सक्षम न्यायालय में वैधानिक तलाक होने की जानकारी उनके परिजनों ने दी।

- **ससुराल वालों के खिलाफ कटनी में दर्ज कराया था दहेज प्रताड़ना का केस**

संबंधित कागजात बाद में प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया। लेखराज राजानी ने उक्त महिला से शादी कर ली। शादी के बाद दुर्ग आकर महिला लेखराज राजानी के परिवार वालों को तंग करने लगी, जिससे उन्होंने महिला को वापस कटनी छोड़ दिया। कटनी में महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करा दिया। लेखराज राजानी की ओर से अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह ने कुटुंब न्यायालय में धारा 12 हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पारिवाद प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर लड़की यहां कोर्ट में उपस्थित हुई और उन्होंने जानकारी दी कि उनका तलाक नोटरी के समक्ष हुआ है।

इस बात की जानकारी होते ही अधिवक्ता ने धारा 12 का आवेदन वापस लेकर धारा 11 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर दिया और इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर दी। पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में दमोह में जिस लड़के से उसकी शादी हुई थी, उससे पूरे कागजात मंगवा लिए, जिससे मामला स्पष्ट हो गया।

महिला ने दुर्ग के अपने ससुराल वालों के विरूद्ध कटनी में धारा 85, 296, 115 (2), 351 (3) बीएनएस तथा धारा 144 महिला संरक्षण अधिनियम की धारा 12 के तहत अपराध दर्ज होने की जानकारी देते हुए आवेदन खारिज करने की मांग की। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती अंजलि सिंह ने बिना सक्षम न्यायालय में पूर्व में हुए शादी का तलाक हुए बिना दूसरी शादी करना धारा 82 के तहत अपराध की श्रेणी में माना और न्यायालय ने महिला के विरुद्ध बीएनएस की धारा 82 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और उनके परिजनों को आरोपी बनाने से मुक्त कर दिया।




## जल संरक्षण के लिए गांवों में बनेंगे नए तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया अभियान के तहत तालाब निर्माण कार्य तेजी से प्रारंभ किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायतों में नवा तरिया निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं देवपूजन के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम कलेक्टर अभिजीति सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।



जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरई में सरपंच उमेश्वर राजू यादव की उपस्थिति में लगभग 4000 वर्गमीटर क्षेत्र में तालाब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। लगभग 19 लाख रुपए की लागत से बनने वाला यह तालाब लगभग 7 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा तथा 5130 से अधिक मानव दिवस का सृजन करेगा। इसी प्रकार एक अन्य नवा तरिया निर्माण कार्य भी लगभग 4000 वर्गमीटर क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है, जिसकी लागत लगभग 19 लाख रुपए है। इस कार्य से 4463 मानव दिवस का सृजन होगा एवं लगभग 100 परिवारों को रोजगार उपलब्ध होगा। इसके माध्यम से 7 से 8 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी। जिला पंचायत के सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन एवं आजीविका संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन कार्यों से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य मिलंतिन ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर राजू यादव, पंच भूषण यादव, रविशंकर साहू, राजकुमार साहू, गोवर्धन साहू, पूर्व जनपद सदस्य प्रीति लाल ठाकुर तथा तकनीकी सहायक दीप्ति सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## कब्जे पर महापौर का रुख सख्त, शीतला तालाब में अतिक्रमण हटाने के निर्देश, लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने मंगलवार को सिविल लाइन स्थित शीतला तालाब एवं वृंदावन कॉलोनी, वार्ड 40 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शीतला तालाब को भूस्वामी द्वारा अवैध रूप से पाटे जाने की गंभीर शिकायत प्राप्त होने पर महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके का जायजा लिया। उन्होंने मौके से ही जिला कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर प्रकरण में शीघ्र एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। महापौर ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों एवं जल स्त्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 40 के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वृंदावन कॉलोनी के रहवासियों द्वारा पेयजल पाइपलाइन विस्तार एवं नाली निर्माण



की प्रमुख मांग रखी गई। इस पर महापौर ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आगामी तीन से चार माह के भीतर पाइपलाइन विस्तार का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाएगा तथा नाली निर्माण के लिए भी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर, पार्षद गुलाब वर्मा, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## आरुल को सीबीएसई 10 वीं में मिले 98.4 प्रतिशत ओलंपियाड में भी चमके



**भिलाई।** डीपीएस भिलाई के छात्र आरुल वर्मा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन किया है। वे गणपति विहार दुर्ग निवासी ललित कुमार वर्मा एवं रूबी सारिका वर्मा के पुत्र हैं। आरुल होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र एवं भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं में खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी एवं गणित सभी पाँच विषयों में प्रथम चरण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड उत्तीर्ण किया है। भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में सहभागिता की। भौतिकी आईएनपीएचओ एवं खगोल विज्ञान आईएनएओ ओलंपियाड के तृतीय चरण के लिए भी अपनी योग्यता सिद्ध की। आरुल का चयन प्रतिष्ठित भौतिकी उन्मुखीकरण-सह-चयन शिविर हेतु होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र, मुंबई में हुआ है। यहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतिम टीम का चयन किया जाएगा। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वे छत्तीसगढ़ के एकमात्र छात्र हैं। इसके अतिरिक्त, उनका चयन उच्च माध्यमिक विज्ञान मानक परीक्षा के अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय राष्ट्रीय शिविर, जयपुर के लिए भी हुआ है।

**निधन**

## डॉ. जावेद उर रहमान खान



**भिलाई।** वेटरनरी कॉलेज अंजोरा में फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग में प्राध्यापक डॉ. जावेद उर रहमान खान का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। सुभाष नगर दुर्ग निवासी डॉ. जावेद को मंगलवार की रात गंजपारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। दोपहर में अंजोरा वेटरनरी कॉलेज में शोकसभा हुई, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को याद किया गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# गौ को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

नगर में चल रहे 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत सोमवार को तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, डीपी शर्मा अध्यक्ष गौ सेवा धमधा, नवीन जैन, सामर्थ ताम्रकार, पियूष ताम्रकार, वामन ताम्रकार, वीर ताम्रकार, चमन गुप्ता सहित सैकड़ों गौ-सेवक और नागरिक तहसील कार्यालय पहुंचे और शासन के नाम ज्ञापन सौंपकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की।

आयोजकों के अनुसार, इससे पहले दो दिन पूर्व नगर में भव्य रैली और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया था। गायत्री मंदिर से शुरू हुई रैली में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गौ-सेवक और नागरिक शामिल हुए थे। 'गौ माता की जय' के नारों से नगर गूंज उठा था और लोगों ने बढ़-चढ़कर अभियान का समर्थन किया था। हस्ताक्षर अभियान में भी सैकड़ों नागरिकों ने भाग लिया था।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पहले हुए अभियान के समर्थन को प्रशासन तक पहुंचाना रहा। ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की गई कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### धमधा नगर में चल रहा 'गौ सम्मान आह्वान अभियान'



### जन समर्थन लगातार बढ़ रहा

इस अभियान में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। लगातार बढ़ता जनसमर्थन यह संकेत दे रहा है कि 'गौ सम्मान' अभियान अब एक व्यापक जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इस मौके पर डीपी शर्मा गौ सेवा अध्यक्ष, धमधा, घनश्याम शर्मा, गणेश यादव, रामजी देवांगन, पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव, योगेश यादव, विकास अग्रवाल, चमन गुप्ता, वामन ताम्रकार, अंकित शर्मा, प्रथम सोनकर, केशव सोनकर, वीर ताम्रकार, हरीश यादव, मुखराज किशोर यादव, नवीन जैन, अंकित शर्मा, दीपक चौहान, पियूष ताम्रकार, सामर्थ ताम्रकार, जिला कांग्रेस प्रवक्ता रजत नायक, देवेंद्र गुप्ता, मोहन पटेल, योगेश यादव, राजकुमार सिन्हा, दिलीप अग्रवाल, ज्ञानेंद्र ताम्रकार, लालू ताम्रकार, बाबा ताम्रकार हित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### मामला पूर्व मुख्यमंत्री से जुड़ा हुआ, सख्त कार्रवाई की मांग

# इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक एआई वीडियो पर नाराज कांग्रेसी पहुंचे थानों में, दिखाया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रसारित हो रहे कथित आपत्तिजनक और एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना अंडा, जिला दुर्ग में आवेदन देकर संबंधित इंस्टाग्राम आईडी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

आवेदन के अनुसार, @congress_polkhol नामक इंस्टाग्राम आईडी द्वारा एक आपत्तिजनक, भ्रामक और AI जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया, जिसे @randomchhattisgarh नामक आईडी के साथ साझा कर व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त वीडियो में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों के संबंध में अपमानजनक और भ्रामक सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस प्रकार की सामग्री न केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है, बल्कि समाज में भ्रम फैलाने और जनभावनाओं को भड़काने का प्रयास भी है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता में आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा संबंधित वीडियो को हटाकर आईडी को स्थायी रूप से बंद किया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की फर्जी और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की भी मांग की गई है।

इस दौरान प्रमुख रूप से देवेंद्र देशमुख (ब्लॉक अध्यक्ष), टिकेश्वरी देशमुख (उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग), नंद कुमार सेन (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), राकेश हिरवानी (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत), डॉ. जीतेन्द्र साहू (सेक्टर प्रभारी), दिग्विजय सिन्हा (सरपंच), बैकुंठ महानंद (सेक्टर प्रभारी), प्रवीण चंद्राकर, नवनीत चंद्राकर, प्रशांत पाण्डेय, भूपेश यादव (बूथ अध्यक्ष), बुधार पाल, संतोष पाल, संदीप चंद्राकर, तेज राम चौहान, डॉ. जे.डी. चेलक, खोमराज साहू, जायभूषण साहू, जीतेन्द्र यादव, आत्मा पटेल, रमेश साहू, चुरामन साहू, कौशल प्रसाद महलांग, चंद्र शेखर साहू, राजू निर्मारकर, भूपेश हरमुख आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण अंचल में जगह-जगह कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



### आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वालों पर एफआईआर की मांग



**धमधा।** धमधा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक एवं एआई-जनरेटेड वीडियो पोस्ट किए जाने के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने संबंधित इंस्टाग्राम आईडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह न केवल एक व्यक्ति की छवि धूमिल करने का प्रयास है, बल्कि समाज में वैमनस्य फैलाने और राजनीतिक माहौल को खराब करने की साजिश भी हो सकती है। इस मुद्दे को लेकर कार्यकर्ताओं और आम लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, आरोपियों की पहचान कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, आपत्तिजनक वीडियो हटाकर संबंधित आईडी को स्थायी रूप से बैन किया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की फेक एवं एआई जनित सामग्री पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शमशीर कुरैशी, जीवन निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा, ज्वाला साहू, रामकुमार, अरुण साहू, सुमंत ताम्रकार, निर्मल जैन आदि उपस्थित थे।

### कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध



**कुम्हारी।** पाटन विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संबंध में आपत्तिजनक ए आई जनरेट वीडियो पोस्ट करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार 27 अप्रैल को कुम्हारी थाने पहुंचकर नारेबाजी की और थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस वीडियो के माध्यम से जो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है यह कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा यह एक सुनियोजित साजिश है। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र ही उस आई डी को सभी जगह से बेन कर दिया जाय एवं जिसने भी इस तरह का अपराध किया है उसे शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की जाय अन्यथा ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी कुम्हारी के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के अध्यक्ष मनहरण यादव, प्रमोद राजपूत, राजेश्वर सोनकर, ओमनारायण वर्मा,रमाशंकर शुक्ला, रोहित कुर्रे, युवराज साहू, गिरीश देवांगन, विनोद साहू, भूपेंद्र पटेल, थनेश पटेल, ओमप्रकाश यादव, अंचल गुप्ता, लेखराम साहू, सुनील शुक्ला, काजू भाई, अनूप शुक्ला आदि उपस्थित थे।



## 'हमर अध्यक्ष हमर द्वार' पहल से जनता को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले द्वारा शुरू की गई जनहितैषी पहल 'हमर अध्यक्ष हमर द्वार' के अंतर्गत वार्डों में पहुंचकर आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। चुनाव के दौरान किए गए वादे को निभाते हुए अध्यक्ष भाले स्वयं वार्डों में जाकर नागरिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल कर रहे हैं। वार्ड क्रमांक 5 एवं वार्ड क्रमांक 6 में चौपाल लगाकर आम जनता से रूबरू हुए। इस दौरान वार्डवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया, वहीं शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। दो दिनों के भीतर कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 13 का त्वरित निराकरण कर दिया गया है तथा शेष आवेदनों पर विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है। नगर पंचायत अध्यक्ष भाले ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अध्यक्ष भाले ने बताया कि इसी कड़ी में 28 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक वार्ड क्रमांक 8 एवं वार्ड क्रमांक 10 में सुभाष क्लब चौक पर चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जहां नागरिक अपनी समस्याएं सीधे रख सकेंगे। इस जनसंवाद कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, सभापति देवेंद्र ठाकुर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, नागेंद्र कश्यप, थानसिंह कश्यप, अरुण देवांगन आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## दिल के इलाज का भरोसेमंद केंद्र बना आरोग्यम हॉस्पिटल



**दुर्ग।** शहर के आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने हृदय रोगों के इलाज में बड़ी पहचान बनाते हुए मात्र डेढ़ साल में 200 से अधिक सफल एंजियोप्लास्टी का आंकड़ा पार कर लिया है। लगातार मिल रही सफलता के बाद यह अस्पताल अब क्षेत्र में दिल के मरीजों के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा केंद्र के रूप में उभर रहा है। इस उपलब्धि के पीछे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्सी और उनकी अनुभवी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आधुनिक तकनीक, सटीक निदान और समय पर उपचार की बदौलत मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। डॉ. बक्सी ने बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में समय पर एंजियोप्लास्टी जीवन बचाने में निर्णायक साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य हर मरीज को सुरक्षित, सुलभ और उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध कराना है। मरीजों और उनके परिजनों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, जिससे आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग में हृदय रोगों के इलाज का मजबूत और विश्वसनीय केंद्र बनता जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में यह उपलब्धि शहर के लिए गर्व का विषय मानी जा रही है।

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

## विश्व टीकाकरण सप्ताह का किया आयोजन



**भिलाई।** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग जुनवानी में विश्व टीकाकरण सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन बीएससी नर्सिंग के 5वें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने नारे लगाकर नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने थीम के आधार पर जागरूकता संदेश दिया कि हर पीढ़ी के लिए टीके कारगर होते है। कार्यक्रम का आयोजन श्रीशंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी में किया गया। जहां पिडियाट्रिक डिपार्टमेन्ट के डॉ. ज्ञानेश मिश्रा, विजय लक्ष्मी पिल्लई एवं डीएनएस आयमा नायडू भी उपस्थित रही। द्वितीय क्रार्यक्रम अभिषेक मिश्रा मेमोरियल हॉस्पिटल में आयोजित किया गया, जहां छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नर्सिंग सुपरिटेंडेट निर्मला गजभिये, इन्दुमती राम एवं सरोजनी गोगडे उपस्थित रही। तृतीय कार्यक्रम ग्राम बेलौदी में आयोजित किया गया, जहां ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य शिक्षा एवं टीकाकरण के महत्व को समझाया गया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र वर्मा, सरपंच जावंतिन एवं रोजगार सहायक सुनीता देशमुख उपस्थित रही। कार्यक्रम का आयोजन पिडियाट्रिक हेल्थ डिपार्टमेन्ट विभागाध्यक्ष सूजा अनिल, आरती वर्मा, इन्दू पटेल, डाली देवांगन के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कॉलेज की डायरेक्टर सिन्धु अनिल मेनन प्राचार्या शैलजा अनिक एवं उप प्राचार्या विनीता सत्यकुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीगंगाजली एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा, अध्यक्ष जया अभिषेक ने छात्रों को बधाई दी।

## नई सेक्शन की हुई शुरुआत



**भिलाई।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट परिणाम और सर्वांगीण विकास के लिए केएच मेमोरियल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं (पीसीएम, पीसीबी एवं व्यापार) में प्रवेश को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। विद्यार्थियों की बढ़ती मांग को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने एक नई सेक्शन प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। विद्यालय में वर्तमान में प्रवेश के लिए वेटिंग लिस्ट संचालित की जा रही है, जो बढ़ती मांग का स्पष्ट संकेत है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से विद्यार्थी बड़ी संख्या में विद्यालय में प्रवेश ले रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही स्पोर्ट्स बैकग्राउंड वाले विद्यार्थियों के लिए 10 विशेष स्पोर्ट्स कोटा सीटें निर्धारित गई हैं। जिनमें उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं आवश्यक सुविधाओं के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।



## गौ सम्मान अभियान की हुई शुरुआत, बैठक में बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदू रक्षा मंच छत्तीसगढ़ द्वारा 27 अप्रैल से देशभर में गौ सम्मान अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है। संगठन के प्रदेश संयोजक मनोज ठाकरे ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने, गौ सेवा के लिए केंद्रीय कानून बनाने और देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग को लेकर जनजागरण करना है।

अभियान को लेकर 26 अप्रैल को शाम 5 बजे सेक्टर-6 स्थित गायत्री मंदिर में विभिन्न संगठनों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे सभी जिलों और तहसीलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। दुर्ग जिले में भी इस दिन कलेक्टर कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देंगे। अभियान के जरिए गोबर और गोमूत्र पर अनुसंधान को बढ़ावा देने, कृषि विश्वविद्यालयों में रिसर्च सेंटर स्थापित करने और इससे जुड़े उद्योग-उद्यम को प्रोत्साहित करने की मांग भी उठाई जा रही है। साथ ही लोगों से हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से समर्थन जुटाया जा रहा है। मनोज ठाकरे ने बताया कि यह अभियान लगभग एक वर्ष तक विभिन्न चरणों में चलेगा।

## सेवानिवृत्त पर शिक्षक की ससम्मान विदाई



**सेलूद।** संकुल केंद्र घुघुवा के शासकीय पी एम श्री स्कूल गभरा में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रमेश शर्मा प्रधानपाठक ,उपकार चंद्राकर एवं कृष्ण कुमार वर्मा का सभी शिक्षक एवं शाला प्रबंधन समिति सरपंच , पंच एवं ग्रामवासियों ने पुष्पमाला से स्वागत किया ।स्वागत भाषण शिक्षक मंगलू राम पारधी ने दिया। संचालन संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा ने किया। इस अवसर पर सरपंच कमलेश ठाकुर, पूर्व सरपंच रूपेश चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मेहतर वर्मा विधायक प्रतिनिधि रमेश कुर्रे, सुरेश कुर्रे आदि उपस्थित थे।




दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-

श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।

माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### एज्युकेशन सिटी को लीकर सिटी न बनने दे जिम्मेदार


**भिलाई।** भिलाई विकास मंच ने संयोजक नितेश मिश्रा के नेतृत्व में सेक्टर-6 ए मार्केट में आबकारी विभाग द्वारा खोली गई प्रीमियम शराब दुकान को खोले जाने के विरुद्ध में मंगलवार को सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त दुकान को स्थानांतरित अथवा बंद करने की मांग की गई। मिश्रा ने कहा कि एक ओर सिविक सेंटर स्थित संचालित मदिरा दुकान से पहले ही टाउनशिप का वातावरण खराब हो चुका है। सार्वजनिक स्थलों में लोगों का मदिरापान करना आम सी बात हो चुकी है। आस-पास के कोचिंग सेंटर बंद हो रहे है उक्त स्थिति सेक्टर में मदिरा दुकान खुलने से और विकराल हो सकती है , जिसका भिलाई विकास मंच विरोध करता है एवं तत्काल बंद करने की मांग करता है। ज्ञाप सौंपने वालों में प्रतिनिधि मंडल में नितेश मिश्रा, नवीन बेरी, अशोक जैन, वसुतोष मार्कंडेय, राजकुमार,प्रदीप पांडे उपस्थित थे।

## ई-केवाईसी के लिए 30 अप्रैल को निर्धारित की है केंद्र सरकार ने डेडलाइन

# ई-केवाईसी के लिए अंतिम दो दिन मौका, जिले के 1.38 लोगों के राशनकार्ड से कट जाएंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

राशनकार्डधारियों को ई-केवाईसी करवाने के लिए अंतिम दो दिन मौका है। 30 अप्रैल को ई-केवाईसी करवाने की मियाद पूरी हो रही है। हैरत की बात यह है कि अब भी जिले में 1.38 लाख हितग्राहियों ने अपना ई -केवाईसी नहीं करवाया है। इस मियाद के बाद उनके नाम राशनकार्ड से कट जाएंगे और राशन नहीं मिलेगा। इधर हितग्राहियों की शिकायत है कि पिछले दो महीने से सर्वर की समस्या आ रही है जिसकी वजह से राशनदुकानों में ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है। ई-केवाईसी केंद्र सरकार के निर्देश पर हो रहा है इसलिए इस तिथि के आगे बढ़ने की उम्मीद भी कम दिखाई दे रही।




ई केवाईसी एप में इस तरह आ रहा है एरर

### ई -केवाईसी का एप्प से भी नहीं हो रहा ई केवाईसी

ई- केवाईसी की अनिवार्यता को लेकर राशनकार्डधारी खासे परेशान हैं। ई -केवाईसी के लिए पीडीएस दुकान संचालकों को मोबाइल पर ई-केवाईसी करने के लिए एप्प डाउन लोड करवाया गया है। जिला खाद्य विभाग ने इसके लिए पीडीएस संचालकों को बकायदा ट्रेनिंग भी दी है। लेकिन मौजूदा स्थिति बेहद उलट है। हरिभूमि ने कई पीडीएस दुकानों पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी जुटाई। एप्प खुलवाए और वहां आए हितग्राहियों ने जब एप्प से ई केवाईसी करवाने की कोशिश की तो एरर ही आया। कई घंटे मशक्कत के बाद भी एक भी हितग्राही का ई केवाईसी नहीं हो पाया।

### रोजाना लगा रहे हैं पीडीएस दुकानों का चक्कर

ई-केवाईसी के लिए आई हितग्राही मनटोरा बाई, दुलौरीन निषाद, खेमिन बाई, राधेलाल, जीवन लाल साहू, गौतम वर्मा, रामकुमार ध्रुव, अजीत कुमार आदि ने बताया है ई-केवाईसी के लिए महीनेभर से चक्कर काट रहे हैं। लेकिन कभी सर्वर क समस्या तो कभी एप्प ही नहीं खुलता। काम-काज छोड़कर ई केवाईसी के लिए पीडीएस दुकानों में आते है लेकिन मायूस लौटना पड़ रहा है।उनका कहना है कि सिस्टम में ही जब ई केवाईसी नहीं हो रहा है तो हमारी क्या गलती है। परिवार के चार सदस्यों में दो का हुआ है तो दो का नहीं हो रहा। ऐसी भी दिक्कतें आ रही है। इस समस्या का समाधान शासन-प्रशासन को करना चाहिए।

### तीन महीने का राशन भी नहीं मिल रहा

राशनकार्डधारियों ने बताया कि तीन महीने का राशन भी नहीं मिल पा रहा है। भिलाई-दुर्ग के कई पीडीएस दुकानों में यह यह स्थिति है। राशनकार्डधारी राशन लेने के लिए जूझ रहे हैं। पीडीएस दुकान संचालकों का कहना है कि राशन दुकानों में स्टॉक की कमी है। इसलिए राशन देने के लिए दिक्कतें हो रही है। जैसे-जैसे स्टॉक आ रहा है वैसे-वैसे हितग्राहियों को बुलाकर राशन दे रहे हैं।

### ई केवाईसी नहीं करवाने वाले 90 प्रतिशत हितग्राही एपीएल

दुर्ग जिले में कुल 4 लाख 98 हजार 121 राशनकार्डधारी हैं। इन राशनकार्डों में 16 लाख 95 हजार 446 हितग्राही सदस्य हैं। जिसमें से 15 लाख 8 हजार 966 हितग्राही सदस्यों ने ई केवाईसी करवा लिया है। ई केवाईसी 1 लाख 38 हजार 419 हितग्राही सदस्यों का नहीं हो पाया है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक ई केवाईसी नहीं करवाने वाले 90 प्रतिशत हितग्राही सदस्य एपीएल कार्डधारी हैं। जिन्होने राशनकार्ड तो बना लिया है लेकिन अब वे ई केवाईसी के लिए अपने परिवार के सदस्यों को नहीं लेकर आए।

### 10 प्रतिशत हितग्राही का अंगूठा मैच नहीं कर रहा

ई केवाईसी नहीं होने के पीछे ऐसी भी कहानी सामने आ रही है। जिसमें वाले हितग्राही सदस्य या तो मृत हो हो चुके हैं और उनका नाम अभी भी परिवार के सदस्यों में शामिल हैं। इसी तरह कई वयोवृद्ध हितग्राहियों का अंगूठा ही ई केवाईसी के दौरान मैच नहीं कर पा रहा है। कई परिवार पहले यहां थे और वे रोजी-रोटी या स्थानांतरण के बाद अब यहां निवास नहीं करते। ऐसे राशनकार्डधारियों ने अपने परिवार के सदस्यों का नाम कटवाने के लिए संबंधित राशन दुकानों या जिला खाद्य विभाग को लिखित सूचना ही नहीं दी। इस तरह के प्रकरण 10 प्रतिशत हैं।

### ई- केवाईसी के बिना राशन नहीं

ई-केवाईसी केंद्र सरकार के निर्देश पर चलाया जा रहा है। 30 अप्रैल को अंतिम तिथि हैं। तिथि बढ़ेगी कि नहीं यह नहीं बता सकते। जिन हितग्राही सदस्यों का ई- केवाईसी नहीं हुआ है उनके नाम से राशन नहीं मिलेगा। ई केवाईसी नहीं करवाने वाले सर्वाधिक लोग एपीएल हैं।

**अनुराग सिंह भदौरिया,** जिला खाद्य अधिकारी दुर्ग

# निर्माण कार्य में लापरवाही पर ठेकेदारों और अभियंताओं को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने निगम कार्यालय में विकास कार्यों की प्रगति को लेकर विभागवार विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे निर्माण कार्यों, अधोसंरचना विकास और जनहित की परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया।

आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक के मुख्य रूप से रोड निर्माण, सीवरेज लाइन, नाली निर्माण एवं बकाया कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने सभी ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। मानसून पूर्व के आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

### बारिश पूर्व काम पूरा करना अनिवार्य

समीक्षा के दौरान जिन कार्यों की प्रगति धीमी पाई गई, उनके प्रति आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों और उत्तरदायी अभियंताओं को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा को दिए हैं। आयुक्त ने अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने पर भुगतान की प्रक्रिया में देरी न की जाए, लेकिन यदि कार्य में सुस्ती बरती गई तो पेनाल्टी लगाने और ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

**अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं :** निगम आयुक्त पांडेय ने कहा है कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी एजेंसी या अधिकारी कार्य के प्रति उदासीनता बरतेंगे, उन पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में निगम के मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, वेशराम सिंहा, सहायक अभियंता, उप अभियंता अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।




# कॉलेज छात्र जाली एमएसटी के साथ पकड़ा गया, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा ट्रेन संख्या 68705 (रायपुर डोंगरगढ़ लोकल) में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आयोजित फोर्ट्रेस चेकिंग (किलाबंदी टिकट चेकिंग) के दौरान वरिष्ठ टिकट एग्जामिनर प्रिया, दुर्ग के द्वारा डुप्लीकेट एमएसटी (छः माही) का मामला पकड़ा गया। जिसकी सूचना पर टिकट चेकिंग स्टाफ ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के एमएसटी टिकट की इमेज का दुरुपयोग करते पाया गया। डुप्लीकेट एमएसटी बनाकर यात्रा करने वाले संदिग्धों को पकड़ा। जांच के दौरान कॉलेज के चार छात्र भी इसमें पकड़े गए। इसमें कुलदीप नाम के युवक ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी टिकट बनाया है। हर्ष नाम का युवक मामले में फरार है। दुर्ग स्टेशन पर पकड़े गए सभी संदिग्धों में कुलदीप बिश्नोई, यू ओंकार, अखिलेश साहू, राहुल साहू शामिल है। चेकिंग स्टाफ ने संदिग्धों से पूछताछ किया। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह रेलवे टिकट काउंटर अथवा स्वयं यू टी एस ऑन मोबाइल का उपयोग कर टिकट बनाएं ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन का उपयोग करें। यात्री टिकट सुविधा केंद्र से टिकट ले, रेल वन ऐप का उपयोग करें।

# जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से की मुलाकात



**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अध्यक्ष रमेश शर्मा नेतृत्व में मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा विधि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाक़ात किया गया। जिसमें रविशंकर सिंह, प्रशांत जोशी, पूजा मोगरी, राकेश यदु, साकेत मिश्रा, संध्या शुक्ला, रविशंकर मानिकपुरी, ज्ञानप्रकाश तिवारी, दसोदा शिक्का, राजेश नायक, निखिल महलवार, रविश राजपूत,अमर जैन, केशव वर्मा, गायत्री उपाध्याय, अनामिका गुहा उपस्थित थे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


लाइव इवेंट

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में जूनियर इंजीनियर के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू,

**भिलाई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में जूनियर इंजीनियर के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आरबीआई में जूनियर इंजीनियर के पदों पर आवेदन 16 अप्रैल से शुरू हो गए हैं। जो उम्मीदवार जूनियर इंजीनियर के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु की गणना 01 अप्रैल, 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 20 से 30 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। ओबीसी उम्मीदवारों को 3 वर्ष की छूट, एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को 5 वर्ष की छूट और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। जूनियर इंजीनियर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास सिविल इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए।

### 300 अंकों के 180 सवाल पूछे जाएंगे

परीक्षा का आयोजन 06 जून को किया जाएगा। परीक्षा में उम्मीदवारों से अंग्रेजी भाषा, इंजीनियरिंग विषय और रीजनिंग विषय से 300 अंकों के 180 सवाल पूछे जाएंगे। यह परीक्षा 150 मिनट के लिए आयोजित कराई जाएगी। उम्मीदवार यहां बताए गए स्टेप्स की मदद से अपना फॉर्म भर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट www.rbi.org.in पर जाकर विजिट करें। अब वेबसाइट के होमपेज पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें। अब आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी को अपलोड करें। अंत में इसका एक प्रिंट आउट भी निकाल लें।

लाइव इवेंट

## विद्यार्थियों को करियर अवसर, कौशल विकास और उद्योग जगत की आवश्यकताओं से कराया अवगत




**भिलाई।** विद्यार्थियों को वर्तमान रोजगार परिदृश्य, उद्योगों की अपेक्षाओं, कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण तथा साक्षात्कार की तैयारी संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान के लिए प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय के द्वारा रोजगार मार्गदर्शन एवं अवसर विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और उनके लिए उपयोगी साबित हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. नेहा सोनी ने बताया कि बदलते समय में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, डिजिटल ज्ञान और उद्योग जगत की समझ भी आवश्यक है। मुख्य वक्ता विशेषज्ञ सिद्धार्थ मेहता ने विद्यार्थियों को बाजार की मांग, कॉर्पोरेट अपेक्षाओं और व्यावसायिक दक्षताओं के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी और व्यवहारिक कौशल का समन्वय ही सफल करियर की आधारशिला है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. स्मिता सेलट ने कहा कि ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक जरूरतों से जोड़ते हैं और उनके करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को निरंतर कौशल उन्नयन, सकारात्मक दृष्टिकोण और प्रतिस्पर्धी सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रोजगार, इंटर्नशिप, स्टार्टअप, उद्यमिता और कॉर्पोरेट सेक्टर में उपलब्ध अवसरों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। वाणिज्य संकाय अध्यक्ष डॉ. संजू सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को उद्योग जगत की गतिविधियों, बाजार की आवश्यकताओं और व्यावहारिक अनुभवों से निरंतर जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने संप्रेषण कला, डिजिटल जागरूकता तथा प्रोजेक्ट आधारित अध्ययन को भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर डॉ. सुमन पांडे, डॉ. रेशु चौरसिया, डॉ. विमल कुमार, डॉ. प्रशांत सुद्दल्वार सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सेक्टर-4 बीएसपी सोसाइटी की आमसभा 3 मई को




**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 की सालाना आमसभा 3 मई को सुबह 10 बजे इस्पात क्लब सेक्टर-4 में आयोजित है। जिसमें प्रतिवेदन बैलेंस शीट 2025-26 की स्वीकृति, बजट 2026-27 को मंजूरी और वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंकेक्षण की नियुक्ति को अनुमति देने सहित अन्य गतिविधियां होगी। अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने बताया कि आय-व्यय का विवरण संस्था कार्यालय में उपलब्ध है और सदस्यों को अपना फोटोयुक्त पासबुक एवं गेट पास लाना अनिवार्य है। सदस्य सुझाव एवं आपत्ति आमसभा से पहले लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित 50 वर्ष की आयु तक वाले बीएसपी व एनएसपीसीएल कर्मियों को आमसभा स्थल पर ही ऑन द स्पॉट सदस्यता भी दी जाएगी।

● विश्व नृत्य दिवस आज- कथक की सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत मंचन, कथक का इतिहास जीवंत हुआ मंच पर, कृष्णप्रिया कथक केंद्र का आयोजन

# कथक की सदियों पुरानी यात्रा मंच पर जीवंत, मंदिर काल से आज के फ्यूजन की कलाकारों ने दी प्रस्तुति, आहार्यम ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**विश्व नृत्य दिवस को सेलिब्रेट करने के लिए कला मंदिर सिविक सेंटर में प्रस्तुत नृत्य-नाटिका आहार्यम ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्णप्रिय कथक केंद्र के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रस्तुति देते हुए जयपुर घराना की शक्ति, लयकारी और आध्यात्मिकता का भी सशक्त प्रदर्शन किया गया। इसके बाद ब्रिटिश काल के कठिन दौर को दर्शाते हुए कोठे की परंपरा की नफ़ासत और तहज़ीब को मंच पर जीवंत किया गया। साथ ही कथक के मंदिर काल जिसमें भक्ति और सादगीपूर्ण आहार्य (वेशभूषा) को दर्शाया साथ ही राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं का सजीव चित्रण, मुगल काल के अंतर्गत दरबारी कथक की नज़ाकत, अदा और शाही भव्यता को, वहीं खयाल और तराना के माध्यम से भाव और लय के कोमल संगम की शानदार प्रस्तुती दी गई।**

**भिलाई।** कृष्णप्रिय कथक केंद्र की इस शानदार प्रस्तुति का निर्देशन एवं संयोजन उपासना तिवारी ने किया था। इस नृत्य-नाटिका में भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की यात्रा को उसके विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चरणों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नन्ही मुन्नी बेटियों से लेकर वरिष्ठ कलाकारों तक ने मिलकर मंच पर ऐसा समां बांधा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय और वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने भी दर्शकों के साथ बैठकर इस नृत्य नाटिका को देखा और पूरी टीम की सराहना की।



### राधा-कृष्ण की लीलाओं को मंच पर किया सजीव



कार्यक्रम की शुरुआत कथक के मंदिर काल से हुई, जिसमें भक्ति और सादगीपूर्ण आहार्य (वेशभूषा) को दर्शाया गया। इसके पश्चात रास लीला के माध्यम से राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं को सजीव किया गया। आगे चलकर प्रस्तुति में सूफी प्रभाव को दर्शाया गया, जिसमें प्रेम, एकता और आध्यात्मिकता का संदेश नृत्य के माध्यम से व्यक्त किया गया। मुगल काल के अंतर्गत दरबारी कथक की नज़ाकत, अदा और शाही भव्यता को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया, वहीं खयाल और तराना के माध्यम से भाव और लय के कोमल संगम को दिखाया गया। कार्यक्रम में जयपुर घराना की शक्ति, लयकारी और आध्यात्मिकता का भी सशक्त प्रदर्शन किया गया। इसके बाद ब्रिटिश काल के कठिन दौर को दर्शाते हुए कोठे की परंपरा की नफ़ासत और तहज़ीब को मंच पर जीवंत किया गया।

### नृत्य में आधुनिक अभिव्यक्ति का दिखाया संगम

कार्यक्रम का समापन समकालीन (फ्यूजन) कथक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें पारंपरिक जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक अभिव्यक्ति का सुंदर संगम देखने को मिला। इस प्रस्तुति की विशेषता यह रही कि इसमें आहार्यम अर्थात वेशभूषा और आभूषण को केंद्र में रखते हुए प्रत्येक कालखंड की सांस्कृतिक पहचान को नृत्य और रैम्प प्रस्तुति के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

कृष्ण प्रिया कथक केंद्र के 31 में वर्ष पर इस शानदार प्रस्तुति पूरी टीम का विशिष्ट योगदान रहा। इनमें संगीत संयोजन रविंद्र कर्मकार, संगीत वीके सुंदरेश, मिक्सिंग बिन्नी पॉल, गायक कलाकारों में रवीश कालगांवकर और सुमेधा फड़के, संचालन डॉक्टर दिव्या राहटगांवकर, इनके अलावा सेजल चौधरी, देविका दीक्षित, अवनी अग्रवाल, कनक मानकर, नीलिमा वासनिक, शानवी अग्रवाल, शुभि जैन, सोनिया चौहान और सेजल चौधरी सहित अन्य का योगदान रहा।





## नन्हे हाथों से बड़ी मिसाल- 6 वर्षीय गूगल ब्वॉय रुद्र ने सेवा भाव से जीता सबका दिल

**भिलाई।** व्यापम, सीजीपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों और उनके परिजनों की सहायता मात्र 6 साल के रुद्र शर्मा ने अपने ढंग से की। इस कार्य से रुद्र ने अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना से सभी का दिल जीत लिया।जिससे गूगल बॉय रुद्र की विशेष पहचान बन गई है। रविवार को मंडी निरीक्षक परीक्षा के दौरान तेज गर्मी में परेशान परीक्षार्थियों और अभिभावकों को देखकर रुद्र तुरंत ठंडा पानी, शरबत और ओआरएस घोल लेकर उनकी मदद के लिए पहुंच गए। इतना ही नहीं, जब उन्होंने देखा कि कुछ छात्र-छात्राएं सफेद ड्रेस के अभाव में परीक्षा से वंचित हो सकते हैं, तो उन्होंने अपने घर से सफेद कपड़े उपलब्ध कराकर उन्हें परीक्षा देने में मदद की। रुद्र ने गर्मी से परेशान बुजुर्गों को अपने घर लाकर कूलर में बैठाया और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। परीक्षा समाप्ति के बाद भावुक विद्यार्थियों और अभिभावकों ने रुद्र को धन्यवाद दिया, जिस पर रुद्र ने कहा मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। उनकी यह प्रेरणादायी पहल समाज के लिए अनुकरणीय संदेश बन गई है।



## बीएसपी में आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा उद्योग-शैक्षणिक सहयोग एवं कौशल विकास को सुदृढ़ करने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं के लिए संरचित ऑन द-जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। 29 अप्रैल तक आयोजित इस चार सप्ताह के औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग (आरएसी) ट्रेड के 17 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं।

प्रतिभागियों को एकीकृत इस्पात संयंत्र की कार्यप्रणाली, सुरक्षा प्रोटोकॉल तथा शॉप-फ्लोर प्रक्रियाओं की व्यापक जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षुओं को विभिन्न औद्योगिक प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया जा रहा है। मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा इस प्रशिक्षण संरचना को युवा तकनीकी प्रतिभाओं के संवर्धन एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ संस्थागत समन्वय को मजबूत करने के व्यापक दृष्टिकोण के अंतर्गत विकसित किया गया है।

कल्याण कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिए जरूरी वर्कशॉप

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण पीजी कॉलेज में अर्डिनो वर्कशॉप का आयोजन कॉलेज के फिजिक्स डिपार्टमेंट द्वारा वॉबल लैब और एसएसआईपीएमटी, रायपुर के एआईसीटीई आइडिया लैब के सहयोग से आयोजित किया गया।इसमें अर्डिनो और इसके कृषि, रक्षा और चिकित्सा परियोजनाओं में उपयोगी और महत्वपूर्ण विषय पर सात दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन हुआ। यह वर्कशॉप स्टूडेंट्स को जरूरी स्किल्ड प्रदान करने और उन्हें इनोवेटिव टेक्निक्स के वास्तविक अनुप्रयोगों से अवगत कराने के लिए किया गया है।

इस वर्कशॉप के दूसरे दिन अनेक उपयोगी प्रोटोटाइप और उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। इसमें अर्डिनो पर आधारित कृषि स्वचालन के लिए अर्डिनो कीट, फसल और सुरक्षा निगरानी के लिए ड्रोन, चार किलोग्राम चिकित्सा आपूर्ति और सर्वेक्षण के लिए ड्रोन, आठ किलोग्राम क्वाडकॉप्टर प्रमुख रहे। इन प्रदर्शनों ने स्टूडेंट्स का विशेष ध्यान आकर्षित किया और उन्हें टेक्निक्स के व्यावहारिक पक्ष को समझने का अवसर मिला।

## प्रैक्टिकल बेस्ड वर्कशॉप में किया प्रोटोटाइप ड्रोन का प्रदर्शन स्टूडेंट्स को मिली इनोवेटिव टेक्निक्स की जानकारी




### इंडस्ट्रियल बेस्ड टेक्निक डेवलपमेंट की दिशा में प्रेरित

इस इवेंट में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.विनय शर्मा, वाइस प्रिंसिपल डॉ.लखन चौधरी, कॉमर्स फैकल्टी के हेड डॉ.सलीम अकील, बॉयोटेक्नालॉजी डिपार्टमेंट की हेड डॉ.सौम्या खरे, केमेस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड डॉ.नरेश चंद्र देशमुख, एनसीसी बॉयज विंग के हेड डॉ.हरीश कश्यप, फिजिक्स डिपार्टमेंट की हेड डॉ. नीलम शुक्ला के साथ ही फिजिक्स डिपार्टमेंट के प्रोफेसर्स मौजूद रहे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को सैद्धांतिक नॉलेज के साथ ही साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना और इंडस्ट्रियल बेस्ड टेक्निक डेवलपमेंट की दिशा में प्रेरित करना रहा। वॉबल लैब की औद्योगिक प्रतिनिधि टीम में संस्थापक पुरुषोत्तम अजय कुमार, सह संस्थापक सिद्धार्थ सिंह, प्रोजेक्ट एसोसिएट आबिद खान, डायरेक्टर और डीजीसीए प्रमाणित इंस्ट्रक्टर पायलट पंकज कुमार यादव, तकनीकी सहयोगी सैलेश प्रजापति, केशव और अन्य मौजूद रहे।



### अर्डिनो की मूलभूत अवधारणाओं की दी जानकारी

एक्सपर्ट्स ने अर्डिनो की मूलभूत अवधारणाओं के साथ-साथ यह भी बताया कि इसे स्मार्ट कृषि प्रणाली, रक्षा निगरानी और चिकित्सा आपूर्ति जैसे फील्ड में किस तरह से प्रभावी रूप से उपयोग किया जा सकता है। स्टूडेंट्स ने ड्रोन तकनीक, ऑटोमेशन सिस्टम और रोबोटिक्स के फील्ड में कैरियर संभावनाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। कॉलेज के प्रिंसिपल के द्वारा इस तरह से उपयोगी कार्यशालाओं को विद्यार्थियों के तकनीकी करियर के लिए बेहद महत्वपूर्ण और उपयोगी बताया।

एजुकेशन इवेंट

## गणित विभाग ने किया गणित सुमन 2026 का विमोचन



**दुर्ग।** शासकीय वीवाईटी पीजी स्वायत्त महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा गणित परिषद के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एमएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह एवं गणित सुमन 2026 का विमोचन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कालींगा विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक एवं गणित विभाग (सत्र 1996-98) की पूर्व छात्रा डॉ. सरोज नायर उपस्थित रहीं। उन्होंने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अपने जीवन के संघर्षपूर्ण अनुभवों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 10 वर्षों के अंतराल के बाद उन्होंनेपु नः अपनी पढ़ाई प्रारंभ की तथा निरंतर परिश्रम करते हुए शिक्षा के प्रत्येक चरण को सफलतापूर्वक पार किया। अनेककठिनाइयों का सामना करने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एके सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें जीवन में निरंतर अग्रसर रहने का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. पद्मावती ने विद्यार्थियों कोसफल जीवन हेतु शुभकामनाएँ दीं। डॉ. राकेश तिवारी ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि जीवन के किसी भी कठिन समय में मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ने पर उनके गुरुजन सदैव उनके साथ रहेंगे। इस अवसर पर गणित सुमन 2026 पत्रिका का विमोचन किया गया। यह पत्रिका वर्ष 2007 से विभाग द्वारा प्रकाशित की जा रही है, जिसमें पीजी के विद्यार्थियों द्वारा गणित के विविध विषयों ज्यामिति, वास्तविक जीवन में गणित के अनुप्रयोग, नेचरइनमैथमेटिक्स आदि विषयों पर लेख प्रस्तुत किए गए हैं। विदाई समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेलों एवं गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। वर्ष 2025 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र त्रिलोक कुमार को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शोभारानी, डॉ. स्वाति मेने, डॉ. आभा साहू , डॉ. निधि शर्मा, बिजमा कुमारी अतिथि व्याख्याता ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सुचारु संचालन हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

सिटी लाइव

## जामुन, बकुल और कटहल का पौधा लगाकर ट्री गार्ड से किया सुरक्षित





**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पहल के तहत अशोक गोंडाले परिवार ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय मीनाक्षी गोंडाले की प्रथम पुण्यतिथि पर पौधारोपण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालूराम वर्मा के नेतृत्व में सेक्टर-10, सड़क-11 स्थित मैदान में जामुन, बकुल और कटहल के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर परिवारजनों सहित मनीष, यू.एन. त्रिपाठी, अंशुल गोंडाले, सुरेश गोंडाले, आयुष गोंडाले, शिवांगी, लक्ष्मी एवं पिंकी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इसे यादगार और प्रेरणादायी पहल बताया। बालूराम वर्मा ने कहा कि जीवन के विशेष अवसरों को पौधारोपण से जोड़ना समाज के लिए अनुकरणीय कदम है। उन्होंने नागरिकों से अधिकाधिक पौधारोपण करने की अपील की तथा फलदार एवं छायादार पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र मंडल के कई सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## शिवानी की कहानियों में नारी चेतना पर आशा ने की पीएचडी

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आशा रानी को उनके शोध प्रबंध शिवानी की कहानियों में नारी चेतना का स्वरूप : एक अध्ययन विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। आशा ने अपना शोध प्रबंध डॉक्टर वर्षा वर्मा के निर्देशन और डॉ. बलजीत कौर के सह निर्देशन में शोध केंद्र हिन्दी विभाग शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग से पूरा किया। बाह्य परीक्षक के रूप में सतना से प्रो० दिनेश कुशवाहा ने नारी चेतना को वर्तमान समय में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शोध प्रभारी डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. सुधीर शमी, डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. अम्बरीष निपाठी, शोधार्थी आदि उपस्थित थे।



● भिलाई से जुड़े शिक्षकों के साथ हिंदी यूएसए सेंट लुईस का चौथा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# अमेरिका में भारतीय संस्कृति की मिसाल, स्वतंत्रता के बाद भारत की उपलब्धियों की थीम पर दी जीवंत प्रस्तुति

**भिलाई।** विदेश में रहते हुए अपनी भाषा और संस्कृति को संजोकर रखना आसान नहीं होता, लेकिन हिंदी-यूएसए सेंट लुईस इस दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है। मिडवेस्ट अमेरिका का सबसे बड़ा मान्यता प्राप्त गैर-लाभकारी हिंदी शिक्षण संस्थान, हिंदी यूएसए हर साल बच्चों के लिए भाषा और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे। इस बार संस्था के चौथे वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की थीम स्वतंत्रता के बाद भारत की उपलब्धियां रखी गई थी। खास बात यह है कि इस संस्था से भिलाई छत्तीसगढ़ का भी गहरा जुड़ाव है। हिंदी यूएसए में वर्तमान में 34 समर्पित शिक्षक स्वयंसेवक हैं, जिनमें से मयंक जैन, डॉ. अंशु जैन, सपना मंधानी और कविता मुलिंती भिलाई से जुड़े हैं। इनमें मयंक जैन और डॉ. अंशु जैन नेतृत्व टीम का हिस्सा हैं, जबकि सपना और कविता हिंदी स्कूल में शिक्षिका के रूप में बच्चों को भाषा और संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।






### 5 से 16 वर्ष के 170 से अधिक बच्चों ने दी प्रस्तुति

इसी कड़ी में इस वर्ष हिन्दी यूएसए सेंट लुईस ने अपना चौथा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया, जिसमें 500 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में 5 से 16 वर्ष के 170 से अधिक बच्चों ने भाग लेते हुए कुल 17 शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर संस्था ने अपने शिक्षकों, स्वयंसेवकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का दिल से आभार व्यक्त किया।



सपना मंधानी



कविता मुलंती



डॉ. अंशु जैन



मयंक जैन

### भारतीय सेना और महिला सशक्तिकरण की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम की थीम स्वतंत्रता के बाद भारत की उपलब्धियां रखी गई थी। बच्चों ने अपने प्रदर्शन के जरिए हरित एवं श्वेत क्रांति, शिक्षा में प्रगति, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, इसरो, भारतीय सेना, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, योग, खेल, स्वच्छ भारत अभियान और सोशल मीडिया जैसे विषयों को बेहद खूबसूरती से मंच पर उतारा। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों के ऊर्जावान नृत्य के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में मयंक जैन ने हिंदी यूएसए की यात्रा, चुनौतियों और संघर्ष की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि पार्क वे के साथ अब रॉकवुड स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने भी हिंदी यूएसए के छात्रों को विदेशी भाषा के क्रेडिट देने की मंजूरी दे दी है, जो प्रवासी भारतीय समुदाय के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएस चौहान भारतीय वाणिज्य दूतावास, शिकागो और डॉ. केविन बेकनर पार्कवे स्कूल डिस्ट्रिक्ट उपस्थित रहे। वहीं मेरिल हैंसन और गैरी बुडूर जैसे निर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी बच्चों के प्रदर्शन और हिंदी यूएसए समुदाय के स्वयंसेवी प्रयासों की सराहना की। इस दौरान हिंदी यूएसए ने फरवरी 2026 में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इंटर-स्कूल हिंदी कविता प्रतियोगिता के 14 विजेता छात्रों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. अंशु जैन और उनकी टीम ने संभाला, जबकि संचालन डॉ. अंशु जैन, निधि चौधरी, सुची खंडेलवाल और वंदना ने प्रभावशाली तरीके से किया। 35 से अधिक शिक्षक स्वयंसेवकों और 40 से अधिक अभिभावक समन्वयकों के सहयोग से पूरा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस पूरे आयोजन का माहौल लघु भारत की झलक पेश कर रहा था। अभिभावकों और आगंतुकों ने भारतीय खाने के स्टॉल, ज्वेलरी और कपड़ों के स्टॉल, और हिंदी यूएसए के बुक स्टॉल का खूब आनंद लिया। यहां भारतीय मेले जैसा अनुभव, अपने देश की संस्कृति, स्वाद और अपनापन सब कुछ एक साथ देखने को मिला।

बच्चों को दे रहे प्रशिक्षण

## नौकरी छोड़ केवल सिंह बने किसान, आधुनिक तकनीकों से सब्जी की खेती कर बढ़ाया मुनाफा

**दुर्ग।** जहां आज के युवा बेहतर करियर की तलाश में शहरों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं महामरा गांव के किसान केवल सिंह निषाद ने नौकरी छोड़कर खेती को अपनाया और सफलता की एक नई कहानी लिख दी। बीए स्नातक केवल सिंह निषाद ने पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की शुरूआत की, लेकिन साथ ही उन्होंने खेती को एक साइड बिजनेस के रूप में जारी रखा। पारंपरिक रूप से उनका परिवार धान और गेहूं की खेती करता था, लेकिन उन्होंने बाजार की बदलती मांग को समझते हुए सब्जी उत्पादन की ओर कदम बढ़ाया।



छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय दुर्ग के बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के छात्र सुजित चतुर्वेदी ने कौशल व्यवहार विषय के अंतर्गत केवल सिंह से जानकारी ली। सुजित ने बताया कि शुरूआत में उन्होंने एक छोटे से खेत में लौकी, टमाटर, ककड़ी और बैंगन जैसी सब्जियों की खेती शुरू की। धीरे-धीरे उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए ब्रोकली, शिमला मिर्च, बरबट्टी और भिंडी जैसी उन्नत फसलों का उत्पादन शुरू किया। आज वे पूरी तरह से मार्केट डिमांड के अनुसार फसल योजना बनाते हैं, जिससे उन्हें अधिक लाभ प्राप्त होता है। केवल सिंह निषाद समाज में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। वे स्कूल के बच्चों को खेती के बारे में जानकारी देते हैं और उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान करते हैं, जिससे नई पीढ़ी खेती के प्रति जागरूक हो सके। करीब 8 वर्षों के अनुभव के साथ केवल सिंह निषाद अब खेती में पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों का संतुलित उपयोग कर रहे हैं। वे विभिन्न बीज कम्पनियों के साथ जुड़कर नए विकसित बीजों का परीक्षण भी करते हैं, जिससे उन्हें नई किस्मों और तकनीकों की जानकारी मिलती रहती है। जब बाजार में सब्जियों की मांग अधिक होती है, तो वे अपने पूरे खेत में सब्जियों की खेती करते हैं। इतना ही नहीं, वे अन्य किसानों से भी सब्जियां खरीदकर बाजार की आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। इससे उनकी आय में भी वृद्धि हो रही है। केवल सिंह का मानना है कि उन्होंने नौकरी छोड़कर खेती इसलिए चुनी क्योंकि इसमें अधिक संभावनाएं और बेहतर आय के अवसर हैं। साथ ही, उनके गांव के पास बाजार की उपलब्धता होने से उन्हें अपने उत्पाद बेचने में आसानी होती हैं। आज केवल सिंह निषाद न केवल एक सफल किसान हैं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बन चुके हैं। उनका कहना है कि सही योजना, मेहनत और आधुनिक तकनीक के साथ खेती को एक लाभदायक व्यवसाय बनाया जा सकता है।

पीजी नर्सिंग कॉलेज में आयोजन

## राज्य स्तरीय काव्य पाठ और कविता संवाद कल

**भिलाई।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय काव्य पाठ पीजी नर्सिंग कॉलेज सेक्टर-9 में 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आयोजित जायेगा। काव्य पाठ में आरंभ के सदस्य और महाविद्यालय के विद्यार्थी काव्य पाठ करेंगे और कविता संवाद होगा।

**आरंभ के विद्यार्थी भी करेंगे काव्य पाठ**

मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार व प्रगतिशील कवि रवि श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रोजा प्रिंसी करेंगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. अंजन कुमार युवा कवि एवं सहायक प्रो. कल्याण महाविद्यालय कविता पर संवाद चर्चा करेंगे। आरंभ के मुख्य सलाहकार डॉ. महेशचंद्र शर्मा एवं मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। स्वागत उद्बोधन आरंभ के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य, संचालन महासचिव नूरुस्सबाह सबा और आभार व्यक्त कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रजनी नेल्सन करेंगी।

आरंभ के प्रवक्ता जाविद हसन ने बताया कि काव्य पाठ में आमंत्रित रचनाकार पीजी कॉलेज से डॉ.जी हेमावती, चंद्रकला लिल्हारे, सुष्मिता रॉय, नूतन निराला, डॉली सिन्हा, निक्की तिवारी, पूजा सोनवानी, भावना साहू, शिल्पी नंदी, अफशां बानो और पावनी एवं आरंभ की तरफ से अनिता करडेकर, विद्या गुप्ता, दीप्ति श्रीवास्तव, मिताली श्रीवास्तव वर्मा, फरीदा शाहीन अंसारी, प्रकाशचंद्र मण्डल, पल्लव चटर्जी, शुभेंदु बागची, राकेश गुप्ता, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, डॉ. इकबाल खान, डॉ. विजय कुमार गुप्ता, जाविद हसन. सुशील यादव, त्रयंबक राव साटकर और नवेद रजा दुर्गवी होंगे।

व्यस्त जीवन में यज्ञ का संदेश, श्रद्धा से सिद्धि और वृद्धि

## व्यस्त जीवन में यज्ञ ही शांति और समृद्धि का आधार, घर मंदिर बने या श्मशान, यह हमारे व्यवहार और संस्कारों पर निर्भर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आधुनिक जीवन की भागदौड़, बढ़ती भौतिक सुविधाओं और घटती आध्यात्मिकता के बीच वैदिक महायज्ञ एवं आध्यात्मिक प्रवचन का भव्य आयोजन श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आचार्य डॉ. अजय आर्य ने यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुति देकर वातावरण को शुद्ध, शांत और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज मनुष्य के पास साधन तो बढ़ गए हैं, लेकिन साधना कम हो गई है। यही कारण है कि सुख-सुविधाओं के बावजूद जीवन में मानसिक शांति और संतोष का अभाव दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, अनुशासित और श्रेष्ठ दिशा देने का प्रभावशाली माध्यम है। श्रद्धा, साधना और यज्ञ से ही व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल और समृद्धि का विकास होता है।



### अग्नि देवताओं का मुख : आचार्य

आचार्य ने कहा कि अग्नि सभी देवताओं का मुख है, इसलिए यज्ञ में दी गई प्रत्येक आहुति देवताओं तक पहुंचती है। उन्होंने 33 कोटि देवताओं की व्याख्या करते हुए बताया कि इसका अर्थ 33 करोड़ नहीं, बल्कि 33 प्रकार के देवता हैं, जिनमें 8 वसु, 11 रुद्र, 12 आदित्य, इंद्र और प्रजापति सम्मिलित हैं।

### आज घर बड़े हो गए हैं, लेकिन दिल छोटे


गृहस्थ जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जिस घर में झूठ, अपमान, कलह, नकारात्मकता और भगवान के नाम का अभाव हो, वह घर श्मशान के समान हो जाता है। वहीं जिस घर में प्रेम, मधुरता, सत्संग, पूजा, यज्ञ-हवन और अतिथि सम्मान होता है, वही घर मंदिर बनता है। उन्होंने कहा कि आज घर बड़े हो गए हैं, लेकिन दिल छोटे हो गए हैं, इसलिए सुख टिक नहीं पाता। श्रद्धा के महत्व को रेखांकित करते हुए आचार्य ने कहा कि श्रद्धा हर कार्य की आत्मा है। बिना श्रद्धा के किया गया कोई भी कार्य पूर्ण सफलता नहीं दे सकता, जबकि श्रद्धा से किया गया छोटा कार्य भी महान फल प्रदान करता है।

### पारिवारिक विश्वास और आत्मसंयम का दिया संदेश

प्रवचन के दौरान आचार्य ने हास्य और प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से पारिवारिक विश्वास, जिम्मेदारी और आत्मसंयम का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य अपनी कमजोरियों को छोड़ने के बजाय उनके लिए बहाने बनाता है। यदि आग्रह करना ही है, तो अच्छे कार्यों, धर्म, दान और संस्कारों के लिए करें। इस अवसर पर सरोज गोपाल अग्रवाल, शिवानी नयन अग्रवाल, मुस्कान ऋतिक अग्रवाल, सोनू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जहां यज्ञ होता है वहां वातावरण शुद्ध होता है, जहां श्रद्धा होती है वहां सिद्धि मिलती है और जहां श्रेष्ठ संस्कार होते हैं वहीं वास्तविक सुख, शांति और समृद्धि का निवास होता है। कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक मूल्यों और जीवन को सकारात्मक दिशा देने की प्रेरणा प्रदान की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### गर्मी में पसीना ज्यादा या कम, जानिए हमारे लिए कितना जरूरी



पसीना आना हमारे शरीर की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो सामान्य परिस्थितियों में स्वस्थ शरीर का संकेत देती है। यह न केवल शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर की अंदरूनी गतिविधियों का संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पसीने के स्तर में अचानक बदलाव जैसे कि ज्यादा या कम पसीना आना स्वास्थ्य के सही होने या खराब होने का संकेत दे सकता है। इसे नजरअंदाज करना कभी-कभी गंभीर परिणामों का कारण बन सकता है। हम इस खबर में पसीने के सामान्य और असामान्य पैटर्न, कारण और सावधानी के उपायों के बारे में विस्तार से जानेंगे।

#### अत्यधिक पसीना आने के नुकसान

अत्यधिक पसीना आना, जिसे हाइपरहाइड्रोसिस कहते हैं, अक्सर शरीर के कुछ हिस्सों जैसे हाथ, पांव, बगल या चेहरे पर अधिक दिखाई देता है। इसका कारण हार्मोनल असंतुलन, तनाव, मोटापा या थायरॉइड की समस्याएं हो सकती हैं। अधिक पसीना केवल असुविधा नहीं देता, बल्कि सामाजिक और मानसिक तनाव भी बढ़ाता है। लोग हाथ मिलाने या सार्वजनिक स्थानों पर जाने से कतराते हैं।

#### कम पसीना के नुकसान

पसीना न आना या बहुत कम आना, जिसे



एनहाइड्रोसिस कहते हैं, भी खतरनाक हो सकता है। यह तंत्रिका प्रणाली की समस्याओं, त्वचा की बीमारियों या गर्मी के अत्यधिक संपर्क के कारण हो सकता है। शरीर की थर्मोरेगुलेशन प्रणाली प्रभावित होने पर हीट स्ट्रोक, थकान और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

#### सामान्य पसीना आना कितना जरूरी

सामान्य पसीना शरीर के लिए जरूरी है। यह टॉक्सिन्स को बाहर निकालने, शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करता है। सामान्य पसीना आपके शरीर के स्वाभाविक संतुलन और कार्यप्रणाली का संकेत है। इसे नजरअंदाज करना गलत है, लेकिन इससे डरने की जरूरत भी नहीं।

#### किन बातों का रखें ध्यान

अत्यधिक या कम पसीने की समस्या में



डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। अधिक पसीने के लिए एंटिपर्सपिरेंट, मेडिकल ट्रीटमेंट या बोटॉक्स जैसी तकनीकें मदद कर सकती हैं। कम पसीने वाले लोगों को तरल पदार्थ पर्याप्त मात्रा में लेना, ठंडी जगह पर रहना और गर्मी से बचना चाहिए। स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए जीवनशैली में सुधार, पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम भी आवश्यक है।

गर्मी के मौसम में तापमान और उमस बढ़ने के कारण शरीर को ठंडा रखने के लिए ज्यादा पसीना आता है। यह एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है, लेकिन अत्यधिक पसीना आना (हाइपरहाइड्रोसिस) डिहाइड्रेशन, कमजोरी, सिरदर्द और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी का कारण बन सकता है,। इससे बचने के लिए पर्याप्त पानी, नींबू पानी और नारियल पानी पिएं।

#### गर्मी में ज्यादा पसीना आने के मुख्य कारण और बचाव

गर्मी में शरीर का तापमान नियंत्रित रखने के लिए पसीना आना जरूरी है। पसीना सामान्य से बहुत ज्यादा आ रहा है, तो यह नर्वस सिस्टम की समस्या, हार्मोनल असंतुलन या आनुवंशिक भी हो सकता है। बड़े शरीर वाले लोगों को ज्यादा गर्मी लगती है, इसलिए उन्हें ज्यादा पसीना आता है। सूती कपड़े पहनें, धूप में कम निकलें, और कैफीन या शराब का सेवन कम करें।

#### चिकित्सक से परामर्श कब करें?

अगर पसीना इतना ज्यादा हो कि दैनिक जीवन प्रभावित हो, या बिना गर्मी के भी पसीना आए, तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

---

डिनर का सही वक्त तय कर लें तो बनी रहेगी सेहत

# रात का भोजन जल्द कर लीजिए, इसके फायदे इतने कि जान कर रह जाएंगे दंग

क्या आपको भी रात का भोजन देर से करने की आदत है? तो इससे जुड़ी जानकारी आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, क्योंकि आपको समय पर डिनर करने के कुछ ऐसे फायदों के बारे में जरूर जानना चाहिए। इससे आप अपनी आदत जरूर बदलेंगे।

रात का भोजन जल्दी करना चाहिए... यह सलाह हम सब सुनते आ रहे हैं पर हममें से बहुत कम लोग ही इसका पालन करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर लोगों को इससे मिलने वाले फायदों के बारे में जानकारी नहीं होती है और ऐसे में वो इससे मिलने वाले सेहत लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसलिए आपको इस बारे में सही और पूरी जानकारी होना जरूरी है।

आपको डिनर जल्द करने से मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानना चाहिए। लखनऊ के जनरल फिजिशियन डॉ. बृजेंद्र सिंह ने इस पर विस्तार से जानकारी दी है

डॉ. बृजेंद्र सिंह बताते हैं कि आज की बदलती जीवनशैली ने लोगों की दिनचर्या से लेकर खान-पान तक सब कुछ पूरी तरह से बदल दिया है। गौरतलब है कि भारतीय संस्कृति में सूरज ढलने के बाद भोजन ग्रहण करने का चलन नहीं था। पर पाश्चात्य सभ्यता की देखा-देखी यहां भी लोग देर रात तक भोजन करने



लगें, जिसका खामियाजा सेहत संबंधी समस्याओं के रूप में देखने को मिला है। ऐसे में अगर आपको इन समस्याओं से निजात पानी है तो आपको रात का भोजन जल्दी करना शुरू करना होगा।



डॉ. बृजेंद्र सिंह आगे बताते हैं कि रात का भोजन शाम 7 बजे तक कर लेना चाहिए। यह पाचन को बेहतर करने के साथ ही अच्छी नींद और दिल-दिमाग को दुरुस्त करने में सहायक साबित होता है। तो चलिए रात का भोजन जल्दी करने से मिलने वाले सेहत लाभ के बारे में विस्तार से जानते हैं।

#### पाचन रहता है दुरुस्त

रात में जल्दी भोजन करना पाचन के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। इससे भोजन को पचने के लिए पर्याप्त समय मिलता है और इसके चलते अपच, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से बचाव होता है। इसलिए जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं रहती हैं उन्हें रात का भोजन जल्दी करने की कोशिश करनी चाहिए।

#### दिल को सेहतमंद रखने में मददगार

रात का भोजन से समय लेने पर ब्लड प्रेशर और हृदय गति संयमित रहती है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं को जोखिम कम होता है। इसलिए अगर किसी को हृदय संबंधी समस्याएं हैं तो उसे रात का जल्दी भोजन करना चाहिए।

#### शुगर नियंत्रित रखने में सहायक

रात का भोजन जल्दी करना, शुगर को नियंत्रित रखने में भी सहायक साबित होता है। दरअसल, रात का भोजन समय पर करने से हमारा शरीर इंसुलिन को प्रभावी तरीके से प्रयोग कर पाता है। ऐसे में इससे शुगर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।



#### बेहतर नींद में सहायक

रात का भोजन जल्दी करने पर पाचन बेहतर रहता है, जिससे नींद भी बेहतर आती है। ऐसी स्थिति में पाचन संबंधी समस्याओं के कारण नींद में किसी तरह की खलल नहीं पड़ती है और आप आराम से सो पाते हैं।

#### हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मददगार

रात का भोजन जल्दी करने से हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलती है। ऐसे में हार्मोनल असंतुलन से होने वाली समस्याओं से बचाव होता है। खासकर महिलाओं के लिए यह बेहद लाभकारी साबित होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि महिलाओं को हार्मोनल असंतुलन के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

#### मानसिक सेहत के लिए लाभकारी

रात में भोजन जल्दी करने से अच्छी नींद आती है और यह मानसिक सेहत के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। दरअसल, बेहतर पाचन और अच्छी नींद के कारण व्यक्ति मानसिक रूप से बेहतर महसूस करता है।

---



## चैन से सोने नहीं देती 'मेलाटोनिन' की कमी सुकून की नींद के लिए उठाएं जरूरी कदम

नींद न आना, रात के समय बार-बार नींद टूट जाने की स्थिति को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी वयस्कों को हर रात कम से कम 6-8 घंटे के निर्बाध नींद की जरूरत होती है। जिन लोगों को नींद लेने में कठिनाई या अनिद्र की समस्या है उन्हें समय पर डॉक्टर से मिलकर इसका उपचार प्राप्त करना चाहिए। अनिद्रा की समस्या को अध्ययनों में शारीरिक-मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए खतरनाक बताया गया है।

अध्ययनकर्ता बताते हैं जिन लोगों को अक्सर नींद न आने की समस्या रहती है उनमें मेलाटोनिन नामक हार्मोन की कमी देखी जाती रही है। मेलाटोनिन वह हार्मोन है जो नींद के चक्र को ठीक बनाए रखने के साथ अच्छी और गहरी नींद प्राप्त करने में मदद करता है। कहीं आपमें भी तो इसकी कमी नहीं है, इसमें सुधार कैसे किया जा सकता है आइए इस बारे में समझते हैं।



#### मेलाटोनिन हार्मोन है जरूरी

मेलाटोनिन ऐसा हार्मोन है जो आपका मस्तिष्क अंधेरे की प्रतिक्रिया में पैदा करता है। यह आपकी सर्केडियन रिदम (सोने-जागने के समय) और अच्छी नींद प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। रात में सोते समय रोशनी होने के कारण से भी मेलाटोनिन उत्पादन बाधित हो सकता है।

यहां जानना जरूरी है कि मेलाटोनिन सिर्फ नींद के लिए ही जरूरी नहीं है इसकी कमी के कारण चिंता और मनोदशा संबंधी विकार, शरीर का तापमान कम होने और एस्ट्रोजन हार्मोन के बढ़ने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

#### मेलाटोनिन की कमी के क्या संकेत हैं?

आमतौर पर मेलाटोनिन की कमी के कारण नींद विकारों की समस्या होना आम है पर इसके अलावा भी कई लक्षण हैं जिनपर ध्यान देना आपके लिए जरूरी है। दिन में बहुत नींद आना-रात में नींद लेने में दिक्कत। सर्केडियन रिदम की समस्या (सोने-जागने के समय में बदलाव), तेजी से उम्र बढ़ने के लक्षण दिखाना। मेटाबॉलिज्म की समस्या होना।

#### कैसे करें मेलाटोनिन के स्तर में सुधार

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, प्राकृतिक रूप से मेलाटोनिन को बढ़ावा देने के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। संतुलित-पोषक तत्वों से भरपूर आहार की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थ, कॉपर और विटामिन ए-ई वाली चीजों को आहार का हिस्सा बनाकर मेलाटोनिन हार्मोन के स्तर को ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा तनाव का प्रबंधन करना भी बहुत आवश्यक है। डॉक्टर से मिलकर शरीर में मेलाटोनिन की कमी की पता लगाने में मदद मिल सकती है। जिन लोगों में इसकी गंभीर कमी होती है स्वास्थ्य विशेषज्ञ उन्हें मेलाटोनिन सप्लीमेंट्स लेने की भी सलाह दे सकते हैं।



---

## शिवनाथ एनिकट में गांव के तैराकों ने दिखाया दम, एक दूसरे को पछाड़ने लगी रही होड़



अंडा। फोटो। जिला मुख्यालय के समीपस्थ शिवनाथ नदी के तट में बसे कोटनी गांव में सेवा फाउंडेशन और ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में तैराकी खेल प्रतिभा उन्नयन प्रतियोगिता का आयोजन नदी एनीकेट में किया गया। जिसमें कोटनी,महामरा,नगपुरा ,पीपरछेड़ी, मालूद बेलौदी और पउवारा के दर्जनों ग्रामीण बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए अंतरराष्ट्रीय तैराक ओज चंद्राकर मौजूद रहे और सभी खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों से अवगत करवाने स्वयं नदी में तैरकर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में आयु वर्ग 10 से 12 में तरुण यादव प्रथम, हर्षा यादव द्वितीय और कैलाश निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग 12 से 15 में समीर निषाद प्रथम,प्रतीत निषाद द्वितीय और दीपराज निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयु वर्ग 15 से 18 में प्रशांत यादव प्रथम,एलिन बंजारे द्वितीय और गीताराम निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम स्थान वाले प्रतिभागी को नगद के साथ में प्रमाण पत्र द्वितीय स्थान वाले सभी प्रतिभागी को तीन सौ रुपए साथ प्रमाण पत्र, तृतीय स्थान वाले सभी प्रतिभागी को नगद एवं प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी तैराक को नगद राशि व प्रमाण पत्र दिया गया।

इस तैराकी प्रतियोगिता को गांव तक ले जाने में शासकीय तैराकी प्रशिक्षक तामेश्वर घंघोरी का विशेष योगदान रहा एवं वरिष्ठ एन आई एस कोच ताजुद्दीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस आयोजन में प्रमुख रूप से सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष एस के जैन, कोटनी सरपंच रामसिंह निषाद,सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, जनपद सदस्य राजेंद्र निषाद,प्रवीण मिश्रा,एम व्ही राव, एल के साहू,आर के श्रीवास्तव, ए के भोसले, एस राजन,संजीव नैय्यर,रेड्डी,आर ई राव, लोकेश निषाद, बीरेंद्र निषाद,लोकेश बंजारे,चेतन साहू,योगिराज निषाद,गिरधर यादव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

#### निषाद-ढीमर समुदाय में तैराकी के अनुवांशिक गुण, इन्हें निखारेंगे

सेवा फाउंडेशन, भिलाई स्टील प्लांट भिलाई के सेवानिवृत अधिकारियों की संस्था है, जो अपनी योग्यता और प्लांट में सेवाकाल के अनुभवों को अलग अलग क्षेत्र खेल कूद, शिक्षा,स्वास्थ्य, ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन,युवाओं के रोजगार परख कौशल उन्नयन,पर्यावरण जैसे विषयों और कार्यरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में नदी किनारे के गांव कोटनी में एक पहल बच्चों को स्कूली शिक्षा के अलावा विभिन्न विषय में पारंगत करने, महिलाओं को स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे समूह में हुनरमंद बनाकर आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने, युवाओं को सही दिशा देने संसाधन ,प्रेरक मार्गदर्शन,प्रशिक्षण व अन्य सुविधा उपलब्ध करवाने जा रहे हैं।

## जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रोमांचक मैच हुए



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न शहरों में रोमांचक मैच हुए। पहले राउंड के तीसरे दिन के बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम बिलासपुर विरुद्ध बीएसपी मे परिणाम बिलासपुर ने 102 रन से जीत हासिल की एवं 6 अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध राजनांदगांव में परिणाम रायपुर ब्लू ने एक पारी और 200 रन से जीत हासिल की एवं सात अंक प्राप्त किये। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम प्लेट कंबाइंड विरुद्ध भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के मैच में बल्लेबाजी करते हुए भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन पहली पारी 170 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड पहली पारी 92 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन दूसरी पारी 190 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 42 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर विरुद्ध दुर्ग में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग पहली पारी में 151 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी में 9 विकेट पर 229 रन के साथ पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 223 रन बनाए।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 महिला एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत 29 अप्रैल को अंतिम लीग मैच खेले जाएंगे। कल्याण कॉलेज ग्राउंड में वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में साउथ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन के मैच होंगे।

---

कार्नर न्यूज

अभिभावक अगर समझदारी से काम लें तो बच्चे भी रहेंगे अनुशासित

# बिना कहे खुद पढ़ने बैठ जाएगा आपका बच्चा, छुट्टियों में पढ़ाई के लिए अनुशासित रखने अपनाएं ये तरीके

माता पिता बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें अच्छे स्कूल में डालते हैं। अच्छी शिक्षा बच्चे के बेहतर करियर और भविष्य के लिए जरूरी है। अभिभावक बच्चे की कोचिंग और अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध कराकर उन्हें हर तरह से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते हैं। लेकिन बच्चा अगर पढ़ाई में मन ही नहीं लगाता है तो माता पिता की चिंता भी बढ़ जाती है। इन दिनों ज्यादातर स्कूलों में छुट्टियां चल रही है। ऐसे में पैरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़ाई को लेकर गंभीर हो जाए।

कई बार माता पिता के कहने पर बच्चा पढ़ने तो बैठ जाते हैं लेकिन उनका ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता। माता पिता डांट फटकार कर बच्चों पर दबाव बनाते हैं। हालांकि डांटने या जबरन पढ़ाने से बच्चे की रुचि पढ़ाई में नहीं बढ़ती। यहां अभिभावकों को कुछ ऐसे तरीके बताए जा रहे हैं जो उन्हें पढ़ाई से मुंह चुराने नहीं देंगे और खुद ब खुद उनका मन पढ़ाई में लगने लगेगा।

#### प्रोत्साहित करें

माता पिता को समय समय पर बच्चे की सराहना करनी चाहिए। बच्चा अपने अभिभावक से तारीफ की उम्मीद रखता है। तारीफ सुनकर वह वही काम करना



चाहता है, जिससे माता पिता और तारीफ करें। हालांकि जानें अनजाने अभिभावक बच्चे की तुलना करके उनका मनोबल कम करते हैं। ऐसा करने से बचें और उनकी गलतियां निकालने और दूसरो से तुलना करने के बजाए बच्चे की तारीफ करें।

#### दबाव न डालें

बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें लेकिन उन पर दबाव न डालें। पढ़ाई का दबाव बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस कारण उनको पढ़ाई बोझ की तरह लगती है। उनपर जरूरत से अधिक दबाव न बनाएं, हंसते-खेलते बच्चों को पढ़ाई की कठिन बातें समझाने की कोशिश करें।


#### सही माहौल दें

बच्चे पढ़ाई में आनाकानी करते हैं, उसका एक कारण घर में पढ़ाई का सही माहौल नहीं होना है। इसी वजह से बार बार टोंकने पर भी बच्चा नहीं पढ़ता। बच्चे को बिना बोले पढ़ाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने घर का माहौल शांत रखें। पढ़ने वाली जगह को सेट करके रखें और पढ़ाई की डेस्क जरूर बनाएं, जहां वह खुद ब खुद बैठकर पढ़ सकें।

छुट्टियों में बच्चों को पढ़ाई के प्रति अनुशासित रखने एक नियमित दिनचर्या का पालन करें। रोज सुबह जल्दी उठाकर, 20-30 मिनट के छोटे-छोटे सत्रों में पढ़ाई करवाएं और पढ़ने को प्रोत्साहित करें। ध्यान भटकाने वाली चीजों को सीमित करें, लक्ष्य निर्धारित करें और पढ़ाई के बाद बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप कुछ न कुछ जरूर दें।

#### छुट्टियों में पढ़ाई के प्रति अनुशासित रखने प्रमुख उपाय

छुट्टियों में भी बच्चों के सुबह उठने और रात को सोने का समय निश्चित रखें। लगातार पढ़ाने के बजाय 25-30 मिनट पढ़ाई करवाएं और फिर 5 मिनट का ब्रेक दें। हर दिन के लिए एक छोटा सा लक्ष्य रखें कि क्या पढ़ाना है। पढ़ाते समय मोबाइल फोन और टीवी से दूर रहें। अपने बच्चों को घर में एक शांत कोना पढ़ाई के लिए दें। कोर्स की किताबों के अलावा, कुछ रचनात्मक या ज्ञानवर्धक पढ़ाने की आदत भी डालें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# विन ने 'फास्ट एंड फ्यूरियस' की को-एक्ट्रेस जोर्डाना को दी बधाई

'फास्ट एंड फ्यूरियस' एक्टर विन डीजल ने अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। फैंस इस पर वेलकम का संदेश भेज रहे हैं। हॉलीवुड



स्टार विन डीजल ने 'फास्ट एंड फ्यूरियस' की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं। तस्वीर में जोर्डाना ब्रियुस्टर नीले रंग की फ्लोरेल ड्रेस में मुस्कुराती हुई दिख रही हैं, जबकि डीजल उनके साथ खड़े हैं। यह तस्वीर लोकप्रिय 'फास्ट एंड फ्यूरियस' सीरीज में भाई-बहन के रूप में उनके ऑन-स्क्रीन रिश्ते को दर्शाती है। पोस्ट के साथ विन डीजल ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है। उन्होंने लिखा, 'वह अटूट वफादारी, बहन को गले लगाने से मिलने वाला सुकून। जन्मदिन मुबारक हो। हम आपसे प्यार करते हैं।' जोर्डाना ब्रियुस्टर 'फास्ट एंड फ्यूरियस' सीरीज में विन डीजल के कैरेक्टर डोमिनिक टोरेटो की बहन मिया टोरेटो का किरदार निभाती हैं। जोर्डाना ब्रियुस्टर ने विन डीजल की इस पोस्ट पर रिप्लाय भी दिया है। उन्होंने लिखा, 'मैं आपसे प्यार करती हूं।' वर्कफ्रंट की बात करें विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है।

### टॉलीवुड

# 'दृश्यम 3' को लेकर मेकर्स किया खुलासा पोस्टर जारी और टीजर आएगा आज

'दृश्यम 3' के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से पहले एक बड़ी अपडेट शेयर की है। मोहनलाल के लीड रोल वाली यह थ्रिलर फिल्म 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस को फिल्म की पहली झलक जल्द ही देखने को मिलेगी। आइए जानते हैं फिल्म का टीजर कब रिलीज होगा। मोहनलाल ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि 'दृश्यम 3' का टीजर बुधवार 29 अप्रैल, 2026 को शाम 5 बजे रिलीज किया जाएगा। इस



घोषणा के साथ ही, मेकर्स ने फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया है। इसमें जॉर्जकुट्टी को खेती के औजार पकड़े हुए दिखाया गया है। यह पोस्टर इस फ्रेंचाइजी के एक और दिलचस्प अध्याय की ओर इशारा करता है। इस फिल्म की तीसरी किस्त में डायरेक्टर जीतू जोसेफ और मोहनलाल की जोड़ी एक बार फिर साथ काम करेगी। जीतू ने ही इस फिल्म की स्क्रिप्ट भी लिखी है। एंटनी पेरुंबवूर 'आशीर्वाद सिनेमाज' के बैनर तले इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

इस फिल्म में पिछली किस्तों के कई जाने-पहचाने किरदार भी दोबारा नजर आएंगे। मीना एक बार फिर जॉर्जकुट्टी की पत्नी रानी का किरदार निभाएंगी, जबकि अंसीबा हसन और एस्थर अनिल उनकी बेटियों 'अंजू' और 'अनु' के किरदारों में वापसी करेंगी। आशा शरथ और मुरली गोपी भी इस फिल्म की कास्ट का हिस्सा हैं। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद, उम्मीद है कि 'दृश्यम 3' प्राइम वीडियो पर भी स्ट्रीम होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म ने फिल्म के डिजिटल राइट्स हासिल कर लिए हैं।

### भोजपुरी

# खेसारी और नीलम ने 'ठुमका ठुमका' गाने में उड़ाया गर्दा, देसी बीट्स पर झूम उठे फैंस

भोजपुरी सिनेमा के ट्रेंडिंग स्टार कहे जाने वाले खेसारी लाल यादव अब एक नया गाना लेकर आए हैं, जो यूट्यूब पर छाया हुआ है। इसमें उनके साथ नीलम गिरी हैं। गाने के



बोल हैं 'ठुमका ठुमका' और भोजपुरी लवर्स इसे काफी पसंद कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म स्टार और सिंगर खेसारी लाल यादव एक के बाद एक गाने रिलीज कर रहे हैं और 'ट्रेंडिंग स्टार' बने हुए हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने आकांक्षा पुरी के साथ हद रोमांटिक गाना रिलीज किया था, और अब नीलम गिरी के साथ धमाकेदार गाना लाए हैं। इस गाने के बोल हैं 'ठुमका ठुमका', जिसमें खेसारी के साथ नीलम भी हैं। नीलम और खेसारी ने ऐसे जोरदार ठुमके लगाए और डांस किया है कि फैंस भी मुरीद हो गए हैं। 'ठुमका ठुमका' गाने को खेसारी लाल यादव के अलावा खुशी कक्कड़ ने गाया है। लिरिक्स दीपक ब्याहट ने लिखे हैं और म्यूजिक संतोष राज ने दिया है। वहीं, वीडियो पवन पाल ने डायरेक्ट किया है। गाने के बीट्स ऐसे हैं, जो किसी को भी झूमने पर मजबूर कर देंगे। खेसारी और खुशी की आवाज के साथ-साथ नीलम गिरी के मदमस्त डांस और म्यूजिक ने इस गाने को एकदम अलग ही रंग में पेश किया है। 27 अप्रैल को रिलीज हुए 'ठुमका ठुमका' गाने को यूट्यूब पर अभी तक 840k व्यूज मिले हैं और भोजपुरी के फैंस के धड़ाधड़ कमेंट्स आ रहे हैं। एक ने लिखा है, 'वाह खेसारी भैया बैक टू बैक हिट गाने।' एक और कमेंट है, 'रियल ट्रेंडिंग स्टार खेसारी लाल यादव, बेस्ट सिंगर।' एक का कमेंट है, 'ये है भोजपुरिया ऑलराउंडर सिंगर।' एक ने लिखा है, 'एकदम बवाल और जबरदस्त गाना है।' एक हफ्ते पहले ही खेसारी ने आकांक्षा पुरी के साथ 'लईका नियन राजा करस' गाना रिलीज किया था, जो अभी भी यूट्यूब पर छाया हुआ है। इस गाने को 8 दिन में 8.2 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं।

## जर्मन जलवा

जर्मनी में मशहूर फैशन शो क्लोए के शानदार रनवे पर फूलों वाले बस्टियर और खूबसूरती से सजे टॉप और ड्रेसेस देखने को मिले, जबकि मोशिनो की मॉडल्स ने एक-दूसरे से बिल्कुल अलग रंगों वाले, झालरदार और फ्रिल वाले टू-पीस पहने थे। शो में कपड़ों की शानदार परतें और झालरें देखने को मिलीं, जबकि Isabel Marant ने बिल्कुल ही अलग रास्ता अपनाया - उन्होंने कपड़ों की कई परतों वाली 'रा-रा' स्कर्ट्स पेश कीं, जिन पर जगह-जगह 'पॉम-पॉम' लगे हुए थे।





लाइफ

# रोजाना आंखों में काजल लगाना पड़ सकता है भारी, जानें क्यों?

मेकअप करना तो हम सभी पसंद करते हैं। इसमें आई मेकअप का रोल अहम होता है। आई मेकअप में ज्यादातर हम हैवी मेकअप की जगह केवल काजल लगाना ही पसंद करते हैं। काजल के नए-नए डिजाइन व कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। वहीं क्या आप जानती हैं कि काजल को आंखों में रोजाना लगाना भी आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। तो आइये जानते हैं काजल को आंखों में रोजाना लगाने से क्या होता है। साथ ही, जानेंगे आंखों में लगे काजल को हटाने का सही तरीका-

आंखों में काजल लगाना गलत नहीं होता है, लेकिन अगर इसे सही तरीके से लगाया या हटाया नहीं गया तो आपकी आंखों में यह नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसमें मौजूद केमिकल आंखों को ड्राई कर सकते हैं और रोजाना इसे आंखों में लगाने से ड्राईनेस बढ़ सकती है। आंखों में ड्राईनेस के बढ़ने से आई इन्फेक्शन हो सकता है और इसके अलावा भी आंखों को कई तरह के नुकसान झेलने पड़ सकते हैं। आंखों में लगे काजल को हटाने के लिए आप केमिकल वाले मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करना अवॉयड ही करें। इसके लिए आप इअरबड्स की मदद ले सकती हैं और हल्के हाथों के दबाव से धीरे-धीरे काजल को वॉटरलाइन से हटा सकती हैं। आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप बिना केमिकल वाले ही प्रोडक्ट को चुनें। इसके लिए आप किसी अच्छे ब्रांडेड काजल का आंखों में इस्तेमाल करें। इसके अलावा आप ऐसा प्रोडक्ट चुनें जिसमें ऑयल की मात्रा अधिक हो ताकि यह आपकी आंखों को ड्राई न कर पाए।



### रोजाना काजल लगाने के प्रमुख नुकसान

काजल को निचली पलक पर लगाने से मेइबोमियन ग्रंथियां ब्लॉक हो सकती हैं, जिससे आंखें सूखी हो जाती हैं और उनमें लगातार खुजली या जलन बनी रहती है। रोज काजल लगाने और ठीक से न हटाने से आंखों में बैक्टीरिया या फंगल इन्फेक्शन हो सकता है। आईलिड पर सूजन काजल के लगातार उपयोग से पलकों के किनारों पर सूजन आ सकती है। काजल की परत बहुत मोटी होने पर यह आंसू की नली को ब्लॉक कर सकती है, जिससे दृष्टि धुंधली हो सकती है। काजल का गलत तरीकाः आंखों के अंदर की तरफ पर काजल लगाने से यह सीधे आंख की सतह को प्रभावित करता है।

# सिंपल की जगह पहनें फिरन स्टाइल की ये फैंसी डिजाइंस



सूट तो हम रोजाना से लेकर किसी भी फंक्शन में पहनना पसंद करते हैं। किसी भी लुक में हम हमेशा स्टाइलिश ही दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम आए दिन सूट में कुछ न कुछ नई वेरायटी देखते हैं। आजकल की बात करें तो कश्मीरी या पाकिस्तानी स्टाइल फिरन सलवार-कमीज को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है।



फिरन को स्टाइल करने के तरीके हर बॉडी टाइप के अनुसार अलग होते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं फिरन स्टाइल सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### लॉन्ग कुर्ती स्टाइल फिरन सूट

लूज स्टाइल में लॉन्ग स्टाइल कुर्ती आजकल काफी चलन में है। इस तरह के लुक के साथ में आप चूड़ीदार पजामी को पहन सकती हैं। चाहे तो आप इस तरह के लुक में दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। वहीं नेकलाइन के लिए आप इस तरह के लुक में वी-नेकलाइन को बनवा सकती हैं। गोटा-पत्ती लेस की कई लेयर्स की मदद लेकर आप नेकलाइन को फैंसी लुक दें।



### फैंसी डिजाइन फिरन सूट

किसी पार्टी में जा रही हैं तो फैंसी लुक के लिए आप 3डी लुक में सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप घुटने तक की फिरन स्टाइल कमीज के साथ में एंकल लेंथ कम चूड़ी सलवार को स्टाइल करें। साथ ही, गले में दुपट्टे को पहनकर लुक को आकर्षक बना सकती हैं। इस तरह का सूट आपको मार्केट में रेडीमेड लगभग 2,000 रुपये में मिल जाएगा।

### शॉर्ट स्टाइल फिरन सूट

आजकल फिर से लूज डिजाइन की शॉर्ट कुर्ती को काफी पसंद किया जाने लगा है। इस तरह की शॉर्ट स्टाइल कुर्ती के साथ में आप धोती स्टाइल वाली सलवार को पहन सकती हैं। इस तरह के लुक खासकर पंजाबी स्टाइल में कैरी किए जाते हैं। आप चाहे तो इसमें फिरन स्टाइल में चाक (स्लिट) में चौड़ी डिजाइन की लेस भी लगवा सकती हैं।

# को ऑर्ड सेट में दिखेगा ग्लैमरस लुक इन ज्वेलरी डिजाइन को करें स्टाइल

को ऑर्ड आउटफिट आजकल हर कोई पहनना पसंद करता है। किसी को प्रिंटेड ड्रेस पसंद होती है तो कोई प्लेन आउटफिट को स्टाइल करता है। लेकिन यह लुक अच्छा तभी लगता है जब आप इसके साथ अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को कैरी करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अट्रैक्टिव नजर आता है। अगर आप भी लुक में कुछ नया एड करना चाहती हैं तो यहां दिखाए गए ज्वेलरी डिजाइन को वियर कर सकती हैं।

### लेयर चेन सेट

चेन सेट आप को ऑर्ड सेट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। इसे आप किसी पेंडेंट के साथ भी खरीद सकती हैं या आप चाहें तो सिंपल डिजाइन में भी ले सकती हैं। इसमें आपको हर एक कलर गोल्डन, मल्टीकलर, सिल्वर या ब्रॉन्ज चेन मिल जाएगी। जिसे आप किसी भी कलर के को ऑर्ड सेट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की चेन आपको 100 से 150 रुपये में मिल जाएगी।

### स्टोन वर्क इयररिंग्स

अगक आप किसी पार्टी में को ऑर्ड सेट को स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ ज्यादा ज्वेलरी वियर करने के जरूरत नहीं है एक स्टोन वर्क इयररिंग्स पहन सकती हैं।



# गुलाब और दही की मदद से गर्मियों में बनाएं कूलिंग फेस पैक

गर्मी के मौसम में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। ऐसे में हम सभी कई प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, गर्मी में स्किन की देखभाल करने का एक सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप नेचुरल व कूलिंग इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल करें। ऐसे में गुलाब और दही की मदद से फेस पैक बनाना यकीनन अच्छा आइडिया है। गुलाब और दही दोनों में ही कूलिंग गुण पाए जाते हैं, जो धूप के कारण होने वाली रेडनेस और जलन को शांत कर सकते हैं। इससे सनबर्न से भी राहत मिल सकती है।

साथ ही साथ, ये पोर्स को टाइटन करता है और अतिरिक्त तेल उत्पादन को कम करता है। गुलाब और दही का कॉम्बिनेशन ऐसा है जो आपकी किसी भी स्किन टाइप के लिए काफी अच्छा रहता है। इतना ही नहीं, आप अपनी स्किन टाइप को ध्यान में रखते हुए गुलाब और दही के साथ अन्य इंग्रीडिएंट्स को मिक्स करके कई अलग-अलग फेस पैक बना सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको गुलाब और दही की मदद से बनने वाले कुछ फेस पैक के बारे में बता रहे हैं-

### गुलाब की पंखुड़ियों और दही फेस पैक

यह एक ऐसा फेस पैक है, जो हर स्किन टाइप को कूलिंग इफेक्ट देता है। साथ ही, इससे आपकी स्किन ग्लोइंग भी बनती है। सबसे पहले मुट्ठी भर ताजी गुलाब की पंखुड़ियां लें और उसे पीसकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को 2 बड़े चम्मच दही के साथ मिक्स कर लें। अब अपने फेस को क्लीन करें और इस मिश्रण को अपने चेहरे व गर्दन पर लगाएं। इसे कम से कम 15-20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब गुनगुने पानी से अपना चेहरा धो लें।



### मुल्तानी मिट्टी, गुलाब जल और दही फेस पैक

अगर आपकी स्किन ऑयली है और आप बार-बार चेहरे पर आने वाले ऑयल व पसीने से परेशान हैं तो इस फेस पैक को लगाएं। सबसे पहले एक बाउल में मुल्तानी मिट्टी,गुलाब जलऔर दही डालकर स्मूथ पेस्ट बना लें। अब अपने फेस को क्लीन करें और तैयार पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं। इसे करीबन 15-20 मिनट तक सूखने दें। अंत में, गुनगुने पानी से अपना चेहरा धो लें

## कार्नर न्यूज

### आज लड़कियों के मुकाबले लड़कों को भी ध्यान देना चाहिए अपने लुक पर

# पार्टी में जाने नौजवानों को ऐसे होना चाहिए तैयार, पलट कर देखेंगे लोग

जब भी किसी पार्टी में जाना होता है तो लड़कियां इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू कर देती हैं। चाहे लड़कियों का आउटफिट हो या ज्वेलरी, सब कुछ एकदम खास ही होता है। वहीं अगर बात करें लड़कों की, तो लड़कों को लगता है कि वो बस अच्छे कपड़े पहनकर और सही से हेयर स्टाइल बनाकर अगर पार्टी में जाएंगे, तो हर कोई उन्हें देखता रह जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है।

पार्टी में जाने के लिए सिर्फ कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल अच्छा होना काफी नहीं है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पार्टी में जाने से पहले आपको भी कुछ टिप्स अपनाने चाहिए, ताकि वहां हर कोई आपको ही पलट-पलट कर देखे। अपने बदले हुए लुक से आप लोगों का दिल भी जीत सकते हैं।

### कराएं हेयर कट

पार्टी में जाने से करीब तीन से चार दिन पहले हेयर कट लें। ध्यान रखें कि इस दौरान कोई एक्सपेरिमेंट करने से बचें। अपने बाल सही से सेट कराकर इसे ऐसे ही रहने दें। ताकि पार्टी के दिन



आपका लुक परफेक्ट दिखे।

### स्किन को करें एक्सफोलिएट

पार्टी में जाने से एक दिन पहने अपनी त्वचा को सही तरह से एक्सफोलिएट जरूर करें। इसकी वजह से त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिसके बाद चेहरा ग्लो करने लगता है।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

तैयार होने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। अगर आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी त्वचा रूखी लगेगी।

### पार्टी वाले दिन करें शीट मास्क का इस्तेमाल

जिस दिन पार्टी हो, उसी दिन पार्टी के कुछ घंटे पहले शीट मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपके चेहरे की थकान कम दिखेगी और आपका चेहरा ग्लो करेगा।

### दांतों को रखें साफ

पार्टी में जाने से तुरंत पहले एक बार दांतों को अच्छी तरह से साफ करें। इससे आपके मुंह की बदबू भी कम होगी और अगर दांतों में कहीं खाना फंसा होगा तो वो भी निकल जाएगा।

### हल्का मेकअप करें

मेकअप सिर्फ लड़कियों के लिए नहीं बना है, ऐसे में आप भी पार्टी में जाने से पहले हल्का मेकअप कर सकते हैं। ध्यान रखें कि ज्यादा मेकअप अप्लाई न करें, इससे आपका लुक खराब हो सकता है।

